# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 54 | गौतमबुद्धनगर, मंगलवार 23 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह का पुलिस ने



P- 4

आठ महीने के मासूम के साथ मां ने लगाई फांसी...मौत



P- 5

बंधकों की रिहाई के बदले युद्ध समाप्त करने की हमास की शर्तों को



P- 6

इंग्लैंड सीरीज के जरिए जायसवाल टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की करेंगे



## हैप्पी मॉर्निंग

कंजूस आदमी पंडित जी को कम पैसे देते हुए... कोई ऐसा उपाय बताइए कि पैसा ही पैसा हो जाए... पंडित जी- चिंता मत करो बालक एक ऐसा मंत्र बताउंगा जितनी बार बोलोगे उतनी बार धन की प्राप्ति होगी... रोज किसी चौक-चौराहे पर जाओ और बोलो भगवान के नाम पर दे दे रे बाबा।



## शायरी

न मैं गिरा और न मेरी उम्मीदों के मीनार गिरे,
पर कुछ लोग मुझे गिराने में कई बार गिरे

## अर्थसार

सेंसेक्स:
71,683.23
+496.37 (0.70%)
निफ्टी:
21,622.40
+160.15



## मौसम



अधिकतम : 15 डिग्री से0
न्यूनतम : 07 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 7 : 15
सूर्यास्त मंगलवार : 5 : 57

# बागी विधायकों की अयोग्यता मामला: सुप्रीम कोर्ट का सीएम शिंदे को नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के 10 जनवरी के फैसले को चुनौती देने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) समूह की याचिका पर सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों को नोटिस जारी किया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मुख्यमंत्री श्री शिंदे एवं अन्य विधायकों से दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

पीठ ने यूबीटी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत इसी तरह के एक मामले में



उच्च न्यायालय विचार कर ही है और साथ ही पूछा कि ऐसे में इस क्या इस अदालत को इस मामले पर विचार करना चाहिए।

इस पर श्री सिब्बल ने कहा कि मामला इस अदालत के आदेश की व्याख्या से जुड़ा है।इसके बाद पीठ ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह के बाद करेगी।

शीर्ष अदालत में यूबीटी समूह के सुनील प्रभु की ओर से दायर याचिका में दलील दी गई है कि विधानसभा अध्यक्ष का आदेश गैरकानूनी और विकृत थे। विधानसभा अध्यक्ष ने 10 जनवरी को सभी अयोग्यता याचिकाओं को खारिज कर और शिंदे के समूह को असली शिवसेना घोषित कर दिया था।

याचिकाकर्ता यूबीटी गुट के श्री प्रभु ने विधानसभा अध्यक्ष के 10 जनवरी के फैसले के खिलाफ 15 जनवरी को शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी।

उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि निर्णयों की 'पूर्ण विकृति' इस तथ्य से स्पष्ट है कि अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेते समय अध्यक्ष ने मुख्य निर्विवाद घटना यानी 30 जून 2022 को शपथ ग्रहण पर भी विचार नहीं किया है, जिसने निर्णायक रूप से स्थापित किया कि उनके सभी कार्य (21 जून 2022) का उद्देश्य महाराष्ट्र में अपने ही राजनीतिक दल के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार को गिराना था।

# उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड

## पंजाब-हरियाणा में कोल्ड वेव का अलर्ट; 16 राज्यों में घना कोहरा, कई फ्लाइट्स-ट्रेनें लेट



नई दिल्ली। एमपी-राजस्थान समेत उत्तर भारत के राज्यों में कड़ाके की ठंड कम नहीं हो रही है। सर्द हवाओं का असर लगातार बना हुआ है। कल का दिन (21 जनवरी) भोपाल में सीजन का सबसे ठंडा दिन था। यहां पारा 7.4 रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राजस्थान के दौसा और बिहार के बांका में भी तापमान 6 तक गिरा। इससे आज (22 जनवरी) की दिन की शुरुआत ठिठुरन भरी हुई।

मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा में आज कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में सीवियर कोल्ड और बिहार-दिल्ली कोल्ड डे की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, उत्तराखंड के कुछ इलाकों में बर्फ की परत भी देखने को मिल सकती है। इसके अलावा दक्षिण भारत को छोड़कर लगभग सभी जगह घना कोहरा देखने को मिला। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और नॉर्थ ईस्ट के 4 राज्यों में कोहरे के कारण विजिबिलिटी पर फर्क पड़ा है। आज सुबह उत्तर प्रदेश के वाराणसी और बिहार के गया में 25 मीटर से ज्यादा दूर देखना बेहद मुश्किल हो रहा था। वहीं, दिल्ली में कोहरे के कारण फ्लाइट्स और ट्रेनों का लेट होने का सिलसिला भी जारी रहा। दक्षिण भारत के राज्यों में फिलहाल न कोल्ड वेव और न ही कोहरे की स्थिति देखने को मिल रही है। हालांकि, कुछ राज्यों में बारिश का अलर्ट जरूर जारी किया गया है। कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और लक्षद्वीप में आज हल्की बरसात हो सकती है।

### आगे कैसा रहेगा मौसम

**सर्दी :** भारतीय मौसम विभाग और प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, अगले 24 घंटे के दौरान उत्तर भारत और मध्य भारत के राज्यों में ठंड का असर बरकरार रहेगा।

पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में शीत लहर से लेकर सीवियर शीत लहर की स्थिति बन सकती है।

**कोहरा :** स्काईमेट के मुताबिक, कोहरे और विजिबिलिटी की स्थिति भी देश के बड़े राज्यों में बरकरार रहेगी। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान में कल (23 जनवरी) के लिए घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

**बारिश :** अगले 24 घंटे में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र के विदर्भ, पश्चिम बंगाल और केरल में हल्की बारिश हो सकती है।

# तेलंगाना में दो समुदाय के बीच बढ़ा तनाव

## दुकान में आग लगाई, नारे लगाए गए; महाराष्ट्र में 24 घंटे के अंदर दो जगह हिंसा

मुंबई। तेलंगाना के संगारेड्डी के हथनूरा गांव में सोमवार (22 जनवरी) देर रात दो समुदाय के बीच विवाद की स्थिति बन गई। दावा किया गया कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर एक पक्ष ने रैली निकाली। इस दौरान दूसरे पक्ष के फल बेचने वाले की दुकान में आग लगा दी गई थी।

इसके बाद संगारेड्डी के कोडंगल में कोशगी जामा मस्जिद और नरसापुरा



के दौलताबाद इलाकों में स्थिति बिगड़ गई। हंगामे की सूचना पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

घटना पर AIMIM प्रेसिडेंट असद औवेसी ने सांगारेड्डी एसपी से बात की और उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का कहा है। AIMIM के लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे।

उधर, महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे के अंदर दो जगहों पर बवाल हुआ। ताजा मामला नवी मुंबई के पनवेल इलाके का है। सोमवार को शिवसेना शिंदे गुट की ओर से निकाली गई बाइक रैली में शामिल लोगों पर हमला किया गया।

श्री राम का झंडा लगाकर बाइक से कुछ लोग नवी मुंबई के खारघर से पनवेल की तरफ जा रहे थे। तभी रास्ते में कुछ अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में तीन लोग घायल हैं।

इससे पहले 21 जनवरी की रात मुंबई के नजदीक मीरा रोड इलाके में उपद्रवियों ने राम नाम के झंडे लगे गाड़ियों में पत्थर फेंके थे और जश्न मना रहे लोगों के साथ मारपीट की।

# तेज रफ्तार जीप पलटी, 5 दोस्तों की मौत

## शादी में शामिल होकर लौट रहे थे युवक; उदयपुर हाईवे पर सुरंग से निकलते ही डिवाइडर से टकराई

उदयपुर। तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित होकर पलटने से 5 दोस्तों की मौत हो गई। सभी दोस्त शादी में शामिल होकर घर लौट रहे थे और पांचों नशे में थे। हादसा उदयपुर के बेकरिया इलाके में गोगुंदा-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे-27 पर उखलिया सुरंग के पास रविवार रात 8 बजे हुआ।

थानाधिकारी प्रभु सिंह चुंडावत ने बताया कि हादसे में घाटा नाड़ी निवासी पूना (20), मनोज (22), आक्यावड़ निवासी नाथू (23), देवला निवासी



भीमा (25) और मनोहर पुत्र रामाराम की मौत हुई है। शाम को पांचों दोस्त सुरण (जसवंतगढ़) से शादी में शामिल होकर लौट रहे थे। सभी नशे में थे और जीप तेज रफ्तार में थी। जीप जैसे ही उखलिया सुरंग से बाहर निकली। जीप चला रहा भीमा संतुलन खो बैठा। जिसके चलते जीप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर हाईवे पर तीन से चार बाद पलटी खाकर बीच रोड पर ही पलट गई।

पांचों युवक जीप में बुरी तरह से फंस गए। युवकों के सिर और हाथ-पैर बुरी तरह से कुचल गए। पुलिस ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला। तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

**वन नेशन-वन इलेक्शन**

## एक देश-एक चुनाव पैनल को 21 हजार सुझाव मिले, 17 दलों ने भी राय दी

# 81 प्रतिशत लोग देश में एकसाथ चुनाव के पक्ष में

नई दिल्ली। देश के 81 प्रतिशत लोगों ने एकसाथ चुनाव कराने के विचार पर सहमति जताई है। एक देश-एक चुनाव पैनल को देशभर से 21 हजार सुझाव मिले हैं। 17 राजनीतिक दलों ने भी इस पर राय दी है। कमेटी ने 46 दलों से राय मांगी थी। रविवार 21 जनवरी को एक आधिकारिक बयान में ये बात सामने आई है।

वन नेशन-वन इलेक्शन पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 5 जनवरी को एक नोटिस जारी किया था, जिसमें जनता से 15 जनवरी तक सुझाव मांगे गए थे। हालांकि, कांग्रेस और ॠस्ट समेत कई विपक्षी दलों ने वन नेशन-वन इलेक्शन का विरोध किया है।

वन नेशन-वन इलेक्शन कमेटी ने रविवार 21 जनवरी को अपनी तीसरी बैठक की थी। कमेटी ने बैठक के बाद कहा, कुल मिलाकर 20,972 सुझाव मिले हैं। बैठक में गुलाम नबी आज़ाद, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, पूर्व लोकसभा महासचिव सुभाष सी कश्यप और पूर्व मुख्य सतर्कता अधिकारी शामिल हुए। बैठक में चुनाव आयोग के सुझावों को भी कमेटी ने नोट किया। अब 27 जनवरी को कमेटी की बैठक हो सकती है।




### क्या है वन नेशन-वन इलेक्शन

भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन-वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे।

आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।

वन नेशन-वन इलेक्शन पर विचार कर रही पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी के पास इसका खाका तैयार है। विधि आयोग के इस प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से लागू होगा। इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मिजोरम इसमें शामिल नहीं हैं, क्योंकि इन राज्यों में इसी महीने चुनावी नतीजे आए हैं। इसलिए इन विधानसभाओं का कार्यकाल 6 महीने बढ़ाकर जून 2029 तक किया जाएगा। उसके बाद सभी राज्यों में एक साथ विधानसभा-लोकसभा चुनाव होंगे।

# सेंथिलबालाजी की न्यायिक हिरासत 29 जनवरी तक बढ़ी

चेन्नई। तमिलनाडु के एक प्रधान सत्र न्यायालय (पीएसजे) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पिछले साल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिलबालाजी की न्यायिक हिरासत सोमवार को 29 जनवरी तक बढ़ा दी। बिना पोर्टफोलियो वाले मंत्री सेंथिलबालाजी को पुझल सेंट्रल जेल से आभासी माध्यम से प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने उनकी रिमांड 29 जनवरी तक बढ़ा दी। इस बीच, श्री सेंथिलबालाजी ने मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष एक याचिका दायर कर जमानत की मांग की है।

गौरतलब है कि पीएसजे अदालत ने तीन बार और उच्च न्यायालय ने 19 अक्टूबर 2023 को एक बार उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। न्यायाधीश 11 जनवरी को आज तक यानी 22 जनवरी तक न्यायिक हिरासत बढ़ा दी थी। अदालत आज उनके खिलाफ आरोप तय करने वाली थी, लेकिन श्री सेंथिलबालाजी द्वारा कुछ कानूनी मुद्दे उठाते हुए दायर याचिका पर आरोप तय नहीं किए गए हैं।

सुनवाई के दौरान, मंत्री के वकील श्री एस प्रभाकरन ने अदालत को बताया कि उन्होंने कुछ कानूनी मुद्दों को उठाते हुए एक याचिका दायर की है। इसलिए विधेय अपराधों के निपटारे तक यह अदालत मंत्री के खिलाफ आरोप तय नहीं कर सकती।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा : असम में राहुल को मंदिर जाने से रोका तो धरना दिया

## कहा-क्या आज सिर्फ एक व्यक्ति मंदिर जा सकता है

गुवाहाटी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा नौवें दिन सोमवार (22 जनवरी) को मेघालय में प्रवेश कर गई। यात्रा ने दोपहर बाद असम के मोरीगांव जिले से मेघालय में प्रवेश किया।

राहुल और उनके साथ चल रहे लोगों ने री भोई जिले के मुख्य शहर नोंगपोह के पास पदयात्रा की। राहुल ने नोंगोप के पहमसियेम में सार्वजनिक सभा को संबोधित किया।

राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा और ॠस्ट देश की नींव पर हमला कर रहे हैं, जबकि भारत जोड़ो न्याय यात्रा भारत के विचार की रक्षा के लिए शुरू की गई है।

### शंकरदेव के जन्मस्थल पर एंट्री नहीं मिली

इसके पहले राहुल गांधी असम के नगांव पहुंचे। वे यहां बोर्दोवा थान में संत श्री शंकरदेव के जन्मस्थल पर दर्शन करने आए थे, लेकिन उन्हें एंट्री नहीं दी गई।

सुरक्षाबलों ने राहुल और अन्य कांग्रेसी नेताओं को रास्ते में हैबरगांव में रोक दिया। यहां सुरक्षाबलों से बहस के बाद राहुल और अन्य कांग्रेसी नेता



धरने पर बैठ गए। सभी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद 3 बजे मंदिर आने के लिए कहा गया था।

धरने के दौरान राहुल ने कहा- मैंने कौन-सा अपराध किया है कि मैं मंदिर नहीं जा सकता? क्या पीएम मोदी तय करेंगे कि मंदिर कौन जाएगा। आज क्या सिर्फ एक ही व्यक्ति मंदिर जा सकता है। मैं शंकरदेव की विचारधारा में विश्वास रखता हूं। वे हमारे गुरु की तरह हैं। इसलिए मैंने सोचा था कि जब भी असम आऊंगा, उनका आशीर्वाद जरूर लूंगा।

राहुल ने आगे कहा- मुझे 11 जनवरी को इसका न्योता मिला था। लेकिन कल (रविवार को) मुझे बताया गया कि यहां कानून व्यवस्था के बिगड़ने का खतरा है। यह संदेह पैदा करता है, क्योंकि गौरव गोगई और अन्य नेताओं को तो नहीं रोका गया, सिर्फ मुझे रोका गया।

कांग्रेस जनरल सेक्रेटरी जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी 11 जनवरी से यहां आना चाहते थे। इसके लिए हमारे दो विधायक मंदिर प्रबंधन से मिले भी थे। हमने बताया था कि हम 22 जनवरी को सुबह 7 बजे यहां आएंगे। हमें बोला गया कि हमारा स्वागत किया जाएगा।

असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने रविवार (21 जनवरी) को राहुल गांधी से शंकरदेव मंदिर न जाने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि इससे देश में असम की गलत छवि बनेगी।

सरमा ने कहा था कि श्रीमंत शंकरदेव एक असमिया सामाजिक-धार्मिक सुधारक हैं।




# सख्त नियम बनाने की जरूरत

तबीयत खराब होने पर लोग जब इलाज कराने जाते हैं, तो जरूरी न होने पर भी डाक्टर ऐसी दवाएं लेने की सलाह दे देते हैं।

दवा का इस्तेमाल किसी बीमारी से मुक्ति पाने के लिए किया जाता है, लेकिन अगर जाने-अनजाने और गैरजरूरी तरीके से कुछ दवाओं का सेवन किया जाए, तो उससे फायदे के बजाय नुकसान पहुंच सकता है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति के संदर्भ में यह बात लंबे समय से कही जाती रही है कि जो दवा किसी तकलीफ को ठीक या कम कर सकती है, उसी का दुष्परिणाम किसी व्यक्ति की मुश्किलें बढ़ा सकता है।

खासकर जीवाणुनाशक या एंटीबायोटिक दवाओं के मनमाने इस्तेमाल के घातक नतीजे देखे गए हैं। इस मसले पर अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों और संगठनों के चिकित्सकों से कहा है कि वे किसी मरीज को एंटीबायोटिक दवाएं लेने का परामर्श देते समय अनिवार्य रूप से बीमारी के लक्षण और कारण बताएं। साथ ही मरीजों को यह भी बताना अनिवार्य होगा कि यह दवा उन्हें क्यों दी जा रही है, कितने दिनों तक खाना चाहिए और इसके क्या परिणाम होंगे।

यह छिपी बात नहीं है कि किसी मरीज के इलाज के दौरान दवा लेने की सलाह देते हुए आमतौर पर चिकित्सक बिना किसी संकोच के एंटीबायोटिक दवाएं लेने को कह देते हैं। इसके अलावा, आम लोग भी तबीयत खराब होने पर कई बार बिना चिकित्सक की सलाह के, स्थानीय दवा दुकान से खरीद कर धड़ल्ले से एंटीबायोटिक दवा खा लेते हैं। इसलिए कि वे इसके दुष्प्रभावों से अनजान होते हैं।

ऐसे में एंटीबायोटिक देने को लेकर डाक्टरों से लेकर दवा दुकानों तक के लिए एक सख्त नियम वक्त का तकाजा है। यही वजह है कि सरकार ने सभी दवा विक्रेताओं से एंटीबायोटिक दवाओं की बिना पर्ची के होने वाली बिक्री बंद करने और उन्हें केवल योग्य डाक्टर के परामर्श पर ही बेचने की अपील की है।

सरकार ने इस बारे में जो चिंता जताई है, वह वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित है और इन दवाओं के सेवन को लेकर लंबे समय से संतुलन और विवेक का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती रही है। अफसोस कि न तो चिकित्सकों की ओर से एंटीबायोटिक की सलाह देते हुए सावधानी बरती जाती है और न ही आम लोगों के बीच इस मसले पर जागरूकता दिखती है।

ऐसे मामले आए दिन चिंता का कारण बनते रहते हैं जिनमें किसी बीमारी की स्थिति में मरीज को अगर कोई दवा दी जाती है तो उस पर उसका कोई खास असर नहीं देखा जाता है।

इसकी जड़ में भी एंटीबायोटिक दवाओं का गलत इस्तेमाल ही है। तबीयत खराब होने पर लोग जब इलाज कराने जाते हैं, तो जरूरी न होने पर भी डाक्टर ऐसी दवाएं लेने की सलाह दे देते हैं।

फिर जरूरत से ज्यादा ऐसी दवा के सेवन की वजह से इनके दुष्परिणामों के बारे में आगाह नहीं किया जाता है। नतीजतन, मरीज पर दूसरी दवाओं का प्रभाव भी बेअसर होने लगता है और रोग-प्रतिरोधक क्षमता में कमी आने लगती है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में अगर व्यक्ति किसी गंभीर रोग की चपेट में आए तो उसे किस तरह के जोखिम और मौत के खतरे तक का सामना कर पड़ सकता है।

यों कोई भी रोग होने पर एलोपैथी दवाओं का सेवन करते हुए उसके दुष्परिणामों को लेकर सचेत रहने की जरूरत होती है, क्योंकि अगर किसी दवा से एक बीमारी में राहत मिलती है तो उसी से कोई अन्य दिक्कत पैदा होने की आशंका हो सकती है। इसलिए दवाओं के मामले में विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करना जरूरी है।

## 23 जनवरी जयन्ती पर विशेष

# क्रांतिकारी योद्धा थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस



रमेश सर्राफ धमोरा



आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 126 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात् उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उनको उन्होने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चैथा स्थान प्राप्त किया था।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे।

26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना वचन तोडने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये।

1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबियत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन् 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।

1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ।

चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बबताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई।

जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनी।

नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा दिया। खून भी एक दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इंफाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा।

6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधी जी को पहली बार राष्ट्रपिता बुलाकर अपनी जंग के लिये उनका आशीर्वाद भी मांगा। आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने का नेताजी का प्रयास प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका। किन्तु उसका दूरगामी परिणाम हुआ। सन् 1946 के नौसेना विद्रोह इसका उदाहरण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारत में सेना के बल पर शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतन्त्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा।

विश्व इतिहास में आजाद हिंद फौज जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जहां 30-35 हजार युद्ध बंदियों को संगठित, प्रशिक्षित कर अंग्रेजों को पराजित किया। पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया।

रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। नेताजी की मृत्यु के संबध में विवाद बना हुआ है कि 18 अगस्त 1945 के बाद का सुभाषचन्द्र बोस का जीवन-मृत्यु आज तक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है।

# टाईम पास

# आतंकी संगठनों और पंजाब के खालिस्तान समर्थकों के मंसूबे एक

पाकिस्तान द्वारा पंजाब में ड्रोन से गिराए जा रहे साजो-सामान आतंकवादियों तक पहुंचाने में यह गठजोड़ काम आता है। नशीले पदार्थों की खेप उन्हें वित्तीय संसाधन जुटाने के काम आती है।

जबसे भारतीय सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा पर निगरानी कड़ी की है, पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ और दहशतगर्दी के साजो-सामान भेजने की कोशिशों पर काफी हद तक लगाम लग गई है। ऐसे में आतंकवादी संगठनों ने ड्रोन को अपना नया हथियार बना लिया है। रात के अंधेरे में वे ड्रोन के जरिए हथियार, गोला-बारूद और नशीले पदार्थ भारतीय सीमा में गिराने में कामयाब हो जाते हैं।

इस मामले में पाकिस्तान की सीमा से सटे पंजाब के इलाके उनके लिए ज्यादा मुफीद नजर आते हैं। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात फिरोजपुर में ड्रोन के जरिए एक एके-47 राइफल, दो मैगजीन, चालीस कारतूस और चालीस हजार रुपए से भरा एक थैला गिराया जाना इसी का ताजा उदाहरण है। सीमा सुरक्षा बल को ड्रोन की गतिविधि का पता चला और गहन तलाशी अभियान चलाया गया, तो एक खेत से यह साजो-सामान बरामद हुआ।

पिछले कुछ वर्षों में सीमा पार से ड्रोन भेजे जाने की घटनाएं काफी बढ़ी हैं। पिछले महीने सीमा सुरक्षा बल ने बताया कि बीते वर्ष उसने एक सौ सात ड्रोन मार गिराए और करीब साढ़े चार सौ किलो हेरोइन, तेईस हथियार और पांच सौ से अधिक कारतूस बरामद किए। यानी इसके अलावा अनेक मामलों में आतंकी संगठनों को सफलता भी मिली होगी, जिसके ठीक-ठीक आंकड़े दर्ज नहीं हैं।

हालांकि पिछले आठ-नौ वर्षों में सीमा पर चौकसी बढ़ाने, सघन तलाशी अभियान चलाने, आतंकी संगठनों को मदद पहुंचाने वालों पर शिकंजा कसने, पाकिस्तान के साथ सड़क मार्ग से तिजारत बंद होने के बाद जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर लगाम लगी है। फिर भी दहशतगर्द अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। इसकी वजह समझी जा सकती है।

जो साजो-सामान और वित्तीय मदद उन्हें घुसपैठ के जरिए पहुंचाई जाती थी, वह ड्रोन से पहुंचाई जाने लगी है। जम्मू-कश्मीर के युवाओं को गुमराह कर उन्हें हथियार उठाने को तैयार किया जा रहा है। पंजाब में खालिस्तान समर्थकों को उकसाने की वजहें भी स्पष्ट हैं। उजागर है कि जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों और पंजाब के खालिस्तान समर्थकों के तार परस्पर जुड़े हुए हैं।

पंजाब में ड्रोन से गिराए जा रहे साजो-सामान आतंकवादियों तक पहुंचाने में यह गठजोड़ काम आता है।

नशीले पदार्थों की खेप उन्हें वित्तीय संसाधन जुटाने के काम आती है। हैरानी की बात नहीं कि पंजाब और उससे सटे राज्यों में नशे का कारोबार फैलाने में ऐसे संगठनों से जुड़े लोगों का बड़ा हाथ है।

हालांकि सीमा पार से ड्रोन के जरिए पहुंचाए जा रहे साजो-सामान और नशीले पदार्थों की खेप पर नजर रखने के लिए भारतीय सीमा सुरक्षा बल ने ड्रोन-रोधी तकनीक तैनात कर रखी है, जिससे ऐसी गतिविधियों की टोह लेने और उन्हें मार गिराने में काफी आसानी हुई है। इसके लिए दिल्ली में भी केंद्रीय नियंत्रण और विश्लेषण कक्ष बनाया गया है।

पिछले वर्ष के सीमा सुरक्षा बल के आंकड़ों से जाहिर है कि इस मामले में उसे काफी कामयाबी मिली है। इस तरह निस्संदेह पाकिस्तान की जमीन से चलाई जा रही आतंकी गतिविधियों को गंभीर चोट पहुंच रही है। खालिस्तान समर्थकों पर भी काफी हद तक लगाम कसी जा चुकी है।

मगर कश्मीर घाटी में स्थानीय युवाओं को बरगला कर दहशतगर्द बनाने की कोशिशों पर लगाम लगाना अब भी चुनौती है। जब तक इस दिशा में सफलता नहीं मिलती, पाकिस्तान के आतंकी मंसूबों पर पानी फेरना कठिन बना रहेगा।

## काकुरो पहेली - 3073



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:



1+2=3
1+3=4
7+9=16
8+9=17

काकुरो - 3072 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका से कहा- "आज हम पूरा मजा लूटेंगे ! मैनें फिल्म के तीन टिकटों का प्रबन्ध कर लिया है."

"तीन टिकट ?"

"हां !"

"मगर हम तो दो हैं."

"हां ! हम तो दो ही हैं."

"फिर तीन टिकट किसलिए ?"

"एक तुम्हारी मां के लिए ! दूसरा तुम्हारे पिता के लिए और तीसरा तुम्हारे छोटे भाई के लिए !" प्रेमी ने रहस्य खोलते हुए कहा.

□ □ □

"चौकीदार !"

"जी !"

"तुम ठीक से पहरा तो देते नहीं हो और पैसे मांगने आ जाते हो ?"

"देता हूं सरकार !"

"झूठ बोलने की कोशिश मत करो ! रात बारह बजे के बाद तुम्हारी आवाज ही सुनाई नहीं पड़ती !"

"साहब ! उस समय मैं दूसरों की आवाजें सुना करता हूं."

□ □ □

प्रेमी- 'तुम्हारी एक मुस्कान के लिए मैं हजार बार जान निछावर करने के लिए तैयार हूँ.'

प्रेमिका- तुम्हारे एक बार जान निछावर करने के लिए मैं हजार बार मुस्कुरा सकती है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3073



**बायें से दायें:-**

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3072



## सूडोकु -3073



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु -3072 का हल



## शब्द पहेली - 3073



**बाएँ से दाएँ**

1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**

1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -3072 का हल



# ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

## 6 आरोपी गिरफ्तार, ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से खिलाते थे सट्टा

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की बादलपुर थाना पुलिस ने जालसाजी व धोखाधड़ी कर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से चार लैपटॉप, 21 मोबाइल फोन, 5 पासबुक ,31 चेक बुक, 49 एटीएम कार्ड, 7 फर्जी आधार कार्ड, दो डायरी व 4 रजिस्टर बरामद किए हैं।



थाना बादलपुर पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम खेडा धर्मपुरा में आरोपी प्रिन्स शर्मा के घर से आनलाईन सट्टा लगाने व खिलाने वाले गिरोह के रविन्द्र कुमार, पंकज कुमार, राजन सिंह, रोहित शर्मा , अभिषेक कुमार व सचिन कुमार को ग्राम खेडा धर्मपुरा से गिरफ्तार किया गया है। मौके से आरोपी प्रिन्स शर्मा फ़रार हो गया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी शातिर किस्म के सट्टेबाज है, जिनके द्वारा गिरोह बनाकर एक बेबसाईट के माध्यम से इलैक्ट्रोनिक उपकरणों का उपयोग कर आनलाईन सट्टा खेलने व खिलाने का काम किया जाता है।

### सट्टा वेबसाइट पर आनलाईन सट्टा खिलवाते हैं

आरोपियों ने पूछताछ करने पर बताया गया किएक सट्टा वेबसाइट पर आनलाईन सट्टा खिलवाते है, इस वेबसाइट को सुभाष चन्द्रा जो भिलाई छत्तीसगढ का रहने वाले है, वहीं आपरेट करता है, उसी के द्वारा हमे कस्टमरो को आनलाईन सट्टा खिलवाने के लिए यूजर आईडी पासवर्ड दिए गए है।

### कुछ कस्टमर बड़ी रकम भी लगाते हैं

उन्होंने आगे बताया कि वेब साईट में क्रिकेट, फुटबाल, टेनिस आदि खेलो पर सट्टा लगाया जाता है तथा इसी सट्टे की साईट पर कसीनो भी खिलाया जाता है। तथा कस्टमर हमारी साईट पर आनलाईन साईनअप करके लोगिन आईडी पासवार्ड बनाते है। तथा सट्टा लगाने के लिए कम से कम 300 रूपये इस वेब साईट में जमा करने पड़ते हैं, जिसका लिंक हमारे बैंक खातो से रहता है तभी आनलाईन सट्टा लगाया जाता है तथा कुछ कस्टमर बड़ी रकम भी लगाते हैं। जब वे हार जाते हैं तो ये पैसा हमारा हो जाता है और इस पैसो को हम खातो से निकाल लेते है तथा आपस में बाँट लेते है। और बचत का कुछ हिस्सा सुभाष चन्द्रा को भी जाता है।

इस काम के लिए हम फर्जी तरीके बैंक खाते खुलवाते है और गरीब लोगो को रूपयो को लालच देकर उनके खाते खुलवाकर उनकी पास बुक, चैक बुक तथा एटीएम कार्ड अपने पास रख लेते है तथा खातो में अपने मोबाईल नम्बर रजिस्टर कराते है क्योंकि जब कोई पैसे का लेन-देन खाते में आता है तो मैसेज हमारे ही नम्बर पर आ जाता है। जिसको हम पढ़कर कस्टमर को हमारी साईट का साईनअप के बाद लोगिन पासवर्ड सट्टा खेलने के लिए दे देते है। उसके बाद जब कस्टमर जीत जाता तो हम उसको रेट के हिसाब से कुछ पैसे काटकर दे देते है और जब कस्टमर हार जाता है तो उसका पैसा हम इन बैंक खातो के माध्यम से निकाल लेते है और साथ ही हम फर्जी काल करके लोगो के साथ ठगी भी करते है।

# किसान प्राधिकरण की करेंगे घेराबंदी



### 24 को एनटीपीसी और प्राधिकरण की निकाली जाएगी अर्थी, मटकी फोड़ करेंगे अंतिम संस्कार

नोएडा। भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में किसानों का धरना आज 42 वें दिन भी जारी रहा। प्राधिकरण पर कल भी संपूर्ण लॉकडाउन रहेगा। इसके बाद यहां सैकड़ों की संख्या में किसान प्राधिकरण की परिक्रमा करेंगे। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर ख़लीफ़ा ने स्पष्ट कहा कि जब तक हमारा हक नहीं मिलेगा प्राधिकरण पर संपूर्ण तालाबंदी रहेगी। किसी को अंदर जाने नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा एनटीपीसी पर भी धरना जारी है।

सुखवीर ख़लीफ़ा ने कहा कि मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण की तालाबंदी न खुले इसके लिए रातभर चौकसी की जाएगी। इसके सभी तीनों गेट बंद किए गए है। इसके अलावा एक मुख्य गेट है। जिस पर पुलिस का सख्त पहरा है। इस गेट सिर्फ अधिकारी ही अंदर जा पा रहे है। बाकी कोई भी पब्लिक डीलिंग प्राधिकरण में नहीं होने दी जाएगी। ये संपूर्ण लॉकडाउन जारी रहेगा।

वहीं किसान परिषद ने सर्वसम्मति से फैसला लिया 24 जनवरी को एनटीपीसी से प्रभावित 24 गांव के किसान व नोएडा प्राधिकरण से प्रभावित 81 गांवों के किसान स्पाइस मॉल पर एकत्रित होकर नोएडा प्राधिकरण व भ्रष्टाचारी एनटीपीसी पर मटका फोड़ कर विरोध करेंगे। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। सुखवीर ने कहा कि ये दोनों ही किसानों की मांगों को लेकर कुछ भी नहीं कर रही है। ऐसे प्राधिकरण और एनटीपीसी की अब अर्थी उठाकर उनका अंतिम संस्कार ही किया जाएगा।

# सूरजपुर वेटलैंड में आने वाले पक्षियों की संख्या 15 फीसदी घटी

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर वेटलैंड क्षेत्र में रविवार से पक्षियों की गणना का काम शुरू हो गया। प्रारंभिक अनुमान के आधार पर कहा जा रहा है गत वर्ष के मुकाबले इस बार आने वाले पक्षियों की संख्या में 15 फीसदी तक की गिरावट आई है।

नोएडा और आस पास के क्षेत्र के पक्षी विशेषज्ञ यहां पर गणना का काम कर रहे हैं। प्रत्येक वर्ष यहां हजारों की संख्या में विदेशी परिंदे आते हैं। पक्षी विशेषज्ञ श्याम भागरा, रोहित शर्मा अपने दल के साथ वेटलैंड में हैं। श्याम भागरा ने बताया कि वेटलैंड क्षेत्र के आसपास तेजी से कॉलोनियां बस रही हैं।

इसके अलावा मौसम का पैटर्न बदला है। देर से सर्दियों का आना, जल्दी गर्मी आना और प्रदूषण आदि कुछ ऐसे कारण हैं, जिसके चलते पक्षियों का आगमन प्रभावित हुआ है।

वह कहते हैं कि पिछले वर्ष करीब 10 से 12 हजार पक्षी वेटलैंड क्षेत्र में दर्ज किए गए थे। जबकि प्रारंभिक अनुमान बता रहा है कि इस बार यह संख्या 8 से 9 हजार के आसपास रह सकती है।

# गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल को लेकर रूट डायवर्ट

## दिल्ली में माल वाहक वाहनों की एंट्री पर लगी रोक, सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

नोएडा। दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर फुल ड्रेस परेड रिहर्सल व परेड के अवसर आज रात 10 बजे से 23 जनवरी कार्यक्रम समाप्ति तक और 25 जनवरी से रात 10 बजे से 26 जनवरी 2024 में कार्यक्रम समाप्त होने तक गौतमबुद्धनगर से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले माल वाहक (भारी, मध्यम व हल्के) वाहनों का सुरक्षा के दृष्टिकोण से दिल्ली राज्य में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यह वाहन निम्नांकित मार्ग का प्रयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। असुविधा होने पर हैल्प लाइन नंबर 9971009001 पर सम्पर्क कर सकते है।




### रात 10 बजे के बाद इस मार्ग का करे प्रयोग

चिल्ला रेड लाइट (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन चिल्ला रेड लाइट से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। डीएनडी (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन डीएनडी टोन प्लाजा से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। कालिंदी कुंज यमुना (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन यमुना नदी से पहले अंडरपास तिराहा से डायवर्ट किये जायें गे, जो नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

# कार में जिंदा जलकर युवक की मौत

## डिवाइडर से टकराई थी कार, बोनट में लगी आग; सेंट्रल लॉक की वजह से नहीं आ सका बाहर

**नोएडा।** नोएडा में सोमवार तड़के एक कार डिवाइडर से टकरा गई। इस दौरान कार में भीषण आग लग गई। ड्राइवर कार से बाहर नहीं आ सका। उसकी जलकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कार नंबर के आधार पर शव की पहचान की गई। परिजनों से संपर्क किया गया है।

मृतक की पहचान साहित मोडेम (30) साल हुई है। युवक जेएम आरोमा सेक्टर-95 सोसाइटी का रहने वाला था। वह निजी कंपनी में काम करता था। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा श्री हृदयेश कठेरिया ने बताया कि थाना फेस-3 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 59 मेट्रो स्टेशन के नीचे यू टर्न पर जा रही कार (गाड़ी संख्या यूपी 16 बी के 9331, टोयोटा कोरोला ऑल्टिस पेट्रोल) में आग लग गई थी।



घटना सुबह करीब साढ़े चार बजे के आसपास की है। जानकारी मिलते ही थाना फेज-3 एसएचओ और दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। आग इतनी तेज थी चालक उससे बाहर नहीं आ सका।

करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम द्रष्टा प्रतीत होता है कि गाड़ी डिवाइडर से टकरा कर उस पर चढ गई है। फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाकर निरीक्षण करते हुए पुलिस द्वारा शव का पंचायत नामा भर अन्य आवश्यक कार्यवाही की गयी। बताया गया कि जब कार टकराई तो वो स्पीड में थी। टकर लगने के साथ ही कार के आगे बोनट में आग लगी और सेकेंड में ही आग पूरी कार में फैल गई। कयास लगाए जा रहे है कि टक्कर लगने के बाद कार सेंट्रल लॉक हो गई, जिसके चलते साहित बाहर नहीं निकल सका।

### एक्सप्रेसवे पर दो कारों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

मोदीनगर। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गांव कलछीना के पास सोमवार सुबह करीब साढे दस बजे दो कार आपस में टकरा गई। हादसे में कैब चालक की मौत हो गई ,जबकि कार सवार दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।उत्तराखंड के पौड़ी गढवाल निवासी मयंक सिंह कैंब चलाकर परिवार का लालन पालन करते थे। सोमवार सुबह वह दिल्ली से देहरादून बुक लेकर जा रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर गांव कलछीना के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक करने के चक्कर में कैंब में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम को मिली जमानत

**नोएडा।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय में पेशी के दौरान जमानत मिल गई है। कोरोना काल में कांग्रेस की प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके बाद से यह केस कोर्ट में विचाराधीन था। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नोएडा में कोरोना काल में कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के चुनाव प्रचार किया था। उस समय गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने उनके खिलाफ आचार संहिता और महामारी कानून के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया था। यह मामला नोएडा के सेक्टर-49 थाने में दर्ज किया गया था। यह मुकदमा नोएडा विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन अधिकारी एवं दादरी के उप जिलाधिकारी ने दर्ज कराया था। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली पहुंचे थे, उन्होंने गौतमबुद्ध नगर के बरौला, सलारपुर, सोरखा, बहलोलपुर और जलपुरा में घर-घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट मांगे थे।

लोगों को कांग्रेस पार्टी के वायदों की जानकारी दी थी। उनके साथ कांग्रेस की उम्मीदवार पंखुड़ी पाठक भी थीं। कोर्ट में वे आज खुद मौजूद रहे। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## जेवर में घर में घुसकर बुजुर्ग की हत्या का मामला

# परिजनों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

जेवर। दनकौर क्षेत्र में स्थित बिलासपुर पुलिस चौकी के पास शुक्रवार की रात 80 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में परिवार के लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

मृतक के परिजनों का कहना है कि कई महीने पहले बुजुर्ग ने पुलिस से आरोपी से अपनी हत्या करने की आशंका व्यक्त करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई थी। लेकिन पुलिस ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते आरोपी ने घर में घुसकर बुजुर्ग की हत्या कर दी।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी को शनिवार की शाम मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। जिसको पुलिस ने जेल भी भेज दिया है। कस्बा निवासी अली मोहम्मद (80) पुलिस चौकी से महज 300 मीटर की दूरी पर अपनी पत्नी के साथ रहते थे।

शुक्रवार की रात पड़ोस के ही वसीम नाम के एक युवक ने घर में घुसकर उनकी तवा से हमला कर हत्या कर दी थी। आरोप है कि वसीम ने अली मोहम्मद के खिलाफ कोतवाली में एक केस दर्ज कराया हुआ था। जिसके चलते ही आरोपी ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी वसीम को मुठभेड़ के दौरान शनिवार की शाम को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मृतक के बेटे शौकत का आरोप है कि उनके पिता ने आरोपी से अपने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए करीब 5 महीने पहले पुलिस से लिखित शिकायत भी की थी। जिसमें उन्होंने अपने सुरक्षा व्यवस्था की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने इस तरफ कोई गौर नहीं दिया। जिसके चलते ही आरोपी ने इस घटना हत्याकांड को अंजाम दिया है।

परिवार के लोगों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही की वजह से उनके पिता की हत्या हुई है। यदि उनको सुरक्षा दी जाती तो शायद उनकी मौत नहीं होती।

जिसके चलते परिवार के लोगों में पुलिस के प्रति काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। इस बारे में कोतवाल दनकौर संजय सिंह का कहना है कि मृतक बुजुर्ग की तरफ से सुरक्षा को लेकर शिकायत नहीं दी गई थी। उन्होंने बताया कि हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भी भेज दिया गया है।

# ग्रेटर नोएडा में बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़

## राहगीरों को अपनी गाड़ी में बिठाकर लूटपाट करते थे, दो बदमाश घायल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की कोतवाली बीटा-2 थाना पुलिस और राहगीरों को अपनी गाड़ी में जबरदस्ती बिठाकर मारपीट करने और लूटपाट करने वाले गिरोह के बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए, जबकि एक बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस से हुई मुठभेड़ के बाद घायल हुए धर्मपाल और मोहित को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, तीसरे बदमाश अनुराग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया कि यह तीनों बदमाश बलेनो कार से सड़क पर घूमते रहते थे और राहगीरों को अपना शिकार बनाते थे। जबरन उन्हें अपने कार में बिठाकर मारपीट करते और पीड़ित का मोबाइल फोन, आधार कार्ड और डेबिट कार्ड छीन कर मोबाइल फोन से उसके खाते से पैसे अपने बैंक में ट्रांसफर कर लेते थे और फिर उसे सड़क पर फेंक कर भाग जाते थे। एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि बदमाशों ने 21 जनवरी को सुबह होंडा चौक पर खड़े युवक से मारपीट कर 42 हजार रुपये अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए थे और पीड़ित के दोस्तों को फोन कर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर से 20 हजार और पैसे अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराने के बाद और पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर सड़क पर फेंक कर भाग गए थे। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली बीटा-2 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान एक सूचना पर पुलिस ने 130 मीटर रोड पर बदमाशों को घेर लिया। अपने आप को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। इसी दौरान गोली लगने से दो बदमाश घायल हुए और एक बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया।





### बरातियों से मारपीट व पथराव, पांच घायल

रबूपुरा। क्षेत्र के फलेदा गांव में कुछ लोगों ने चढ़त के दौरान बरातियों से मारपीट कर दी। विरोध करने पर पथराव भी किया, जिसमें दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना में पांच बराती घायल हो गए। इन्हें पलवल के अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, दुल्हन के पिता की तहरीर पर गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फलेदा गांव निवासी हरिलाल की बेटी की बरात हरियाणा के पलवल निवासी रवि के बेटे प्रवीण से तय हुई। शनिवार को पलवल से बरात गांव में आई। रात करीब 10 बजे बरात चढ़त की रस्म चल रही थी तो उसी दौरान गांव के कुछ लोग जबरदस्ती बरातियों के साथ आकर नाचने-गाने लगे। इससे अव्यवस्था हुई तो बरातियों ने विरोध किया। इस पर गांव के युवकों ने उन पर हमला बोल दिया। इसके बाद बरातियों पर पथराव कर दिया। इसमें बराती सोनू, ठाकुर लाल, छत्रपाल, कृष्ण व हरिलाल कामत घायल हो गए।

### कर्ज से परेशान लापता कारोबारी को ढूंढ निकाला

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-113 निवासी लापता कारोबारी को पुलिस ने ढूंढ निकाला। कारोबारी कर्ज से परेशान घर छोड़कर चला गया था। मामले में कारोबारी की पत्नी ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। सेक्टर-73 स्थित सोसाइटी निवासी महिला ने 17 जनवरी को पति आकाश सिंह के 15 जनवरी से लापता होने के मामले में तीन लोगों पर उन्हें अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस जांच में कारोबारी का मोबाइल बंद मिला। बाद में मोबाइल के लोकेशन के आधार पर उन्हें ट्रेस कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आकाश सिंह की बुलंदशहर के सिकंदराबाद में फैक्ट्री है। कारोबार में घाटे की वजह से उन पर करोड़ों का कर्ज हो गया था। इस कारण वह घर से भाग गए थे। वह मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों से होते हुए शुक्रवार को दिल्ली आए। जहां पुलिस ने उन्हें ढूंढ लिया।

## शार्ट न्यूज

### कुत्ते के गले में श्रीराम पटका डालने वाला गिरफ्तार

गाजियाबाद। कौशांबी थाना पुलिस ने वहाब नामक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस ने वहाब खां नामक शख्स को सोमवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि ये शख्स कुत्ते के गले में श्रीराम नाम का पटका डालकर घुमा रहा था। इससे माहौल खराब होने का अंदेशा था। ऐसी शिकायतें आने पर उसको गिरफ्तार कर लिया गया है। इंदिरापुरम क्षेत्र के एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, सोमवार शाम थाना कौशांबी को डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि वैशाली चौकी क्षेत्र में धर्म विशेष के व्यक्ति द्वारा एक कुत्ते के बच्चे के गले में राम नाम की पट्टिका डालकर उसको घुमाया जा रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कौशांबी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तो शिकायत सही पाई गई। तत्काल ही उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए आरोपी की पहचान वहाब के रूप में हुई। ये मूल रूप से मेरठ का रहने वाला है और वैशाली में अपने रिश्तेदार के साथ पनीर बेचने का काम करता है।

### 8 घंटे में पेट से निकाला 25 लाख का सोना

गाजियाबाद। गाजियाबाद में पुलिस ने सोने के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों 400 ग्राम सोने की गोलियां पेट में डालकर सऊदी से लाए थे। रामनगर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे, तभी क्राइम ब्रांच की टीम ने शक होने पर दोनों को पकड़ लिया। फिलहाल दोनों आरोपी गाजियाबाद के MMG अस्पताल में भर्ती हैं। उनके पेट से सोने की गोलियां निकालने की प्रक्रिया चल रही है। अभी तक 8 घंटे में 10 गोलियां निकाली जा चुकी हैं। एक तस्कर के पेट में अभी 3 गोलियां रह गई हैं, उसे भी निकालने की कोशिश की जा रही है। एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया, पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामपुर के टांडा क्षेत्र के रहने वाले नदीम और फुजैल के रूप में हुई है। नदीम बीते कई साल से सोना तस्करी काम में लगा हुआ है, जबकि फुजैल रामपुर में ही बिरयानी का ठेला लगाता है। दोनों सऊदी अरब से फ्लाइट से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से ट्रेन पकड़ी और दिल्ली आ गए। यहां से वे फिर बस से गाजियाबाद आए। रामपुर जाने वाली बस का इंतजार कर रहे थे। उसी वक्त पुलिस को उनके बारे में सूचना मिल गई। उसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने दोनों को पकड़ लिया।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चाय फ्री

गाजियाबाद। रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में गाजियाबाद के एक चाय बेचने वाले ने बड़ा दिल दिखाते हुए चाय फ्री कर दी है। सुबह से ही यह चाय वाला लोगों को फ्री में चाय पिला रहा है। सड़क पर ठेली लगाकर चाय बेचने वाले इस शख्स ने बैनर भी लगाया और भजन बजा रहा है। इसने 5 हजार चाय पिलाने का लक्ष्य रखा है। गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर 5 में हिमांशु त्यागी की चाय की दुकान है। इस चाय की दुकान से अपने परिवार का हिमांशु भरण पोषण करता है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा है, इस खुशी में इस राम भक्त ने अपनी दुकान पर बैनर लगाया और भगवान श्री राम के आगमन को लेकर चाय फ्री कर दी। हिमांशु का कहना है कि पूरे दिन 5000 से ज्यादा लोगों को इन्होंने चाय पिलाने का लक्ष्य रखा है। उनकी इस पहल को देखकर चाय पीने आ रहे लोग इनकी राम भक्ति पर गर्व कर रहे हैं। दुकान पर भजन भी बज रहे हैं और चाय पीने आ रहे लोग जय श्री राम का नारा लगा रहे हैं।

### स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश पर ज्यादा मुनाफे का झांसा देकर 90 लाख रुपये ठगे

इंदिरापुरम। कोतवाली क्षेत्र में युवक को स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश पर ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगों ने 90 लाख रुपये की ठगी कर ली। फेसबुक पर बातचीत के बाद ठगों ने उन्हें एचआईजी कैपिटल इन्वेस्टमेंट ग्रुप और स्टॉक अकेडमी ज्वाइन कराई थी। आरोप है कि एक करोड़ तीन लाख निवेश करने पर सिर्फ 13 लाख रुपये खाते में आए। इंदिरापुरम पुलिस ने ठगी का मुकदमा दर्ज कर ठगों के खाते की डिटेल खंगालनी शुरू कर दी है। वसुंधरा सेक्टर-6 की गौतम सहकारी आवास समिति में रहने वाले रोहित गर्ग ने शिकायत दी कि 20 नवंबर को फेसबुक के जरिये एचआईजी कैपिटल इन्वेस्टमेंट ग्रुप, एमएम करीस स्टॉक अकेडमी का नाम लेकर युवकों ने बात की थी। उन्हें स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश करने पर ज्यादा मुनाफा कमाने की योजना बताई थी फिर अलग-अलग अकाउंट बनाकर उन्हें टास्क दिया। वह इन लोगों की बातों में फंस गए और धीरे-धीरे अलग-अलग तारीखों में 10 हजार से लेकर पांच लाख रुपये तक का निवेश कर कुल एक करोड़ तीन लाख रुपये की ट्रंजेक्शन कर दी। इस बीच पंकज गुप्ता, प्रिया पटेल, अर्जुन कपूर और ईशान ने उनसे बातचीत की और आगे भी टास्क पूरे करने के लिए कहा।

### रास्ता न देने पर दंपति से मारपीट और फायरिंग

ग्रेटर नोएडा। जेवर क्षेत्र के लौदाना गांव में रविवार की रात रास्ते नहीं देने पर चार लोगों ने दंपति पर जानलेवा हमला किया। महिला के सिर पर लोहे की रॉड से वार किए गए। आरोपियों ने फायरिंग भी की। गनीमत रही कि दंपति बाल-बाल बच गए। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के मुताबिक लौदाना गांव के रहने वाले प्रयाग ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात वह अपने घर पर मौजूद थे। आरोप है कि रात करीब साढ़े आठ बजे उनका परिवार का अजय रास्ते से जा रहा था। इस बीच वहां से गांव के चार युवक निकल रहे थे। रास्ते नहीं देने पर आरोपियों ने अजय को घेर लिया। प्रयाग और उनकी पत्नी घर के बाहर निकले तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। प्रयाग की पत्नी के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने हथियार से फायरिंग की। गनीमत रही कि दंपति बाल-बाल बच गए। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। प्रयाग ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपियों पर केस

नोएडा। महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पति समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया गया। आरोपियों में ससुराल पक्ष के अलावा एक युवती भी शामिल है।राजस्थान के डींग निवासी सुनील कुमार ने शिकायत में बताया कि उनकी बहन रचना की शादी 11 साल पहले मथुरा निवासी देवेंद्र के साथ हुई थी। रचना और देवेंद्र सेक्टर-63 स्थित पेसिफिक कंपनी में काम करते थे। देवेंद्र की भाभी उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल है और उनकी तैनाती मथुरा में है। देवेंद्र और रचना बीते कुछ दिनों से उन्हीं के क्वार्टर में रह रहे थे। बीते दिनों रचना ने अपने भाई को बताया था कि उसके पति समेत ससुराल पक्ष के लोग उसे तरह-तरह से प्रताड़ित करते हैं। दो बेटियां होने के कारण रचना को ससुराल वाले ताना देते हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि देवेंद्र के संबंध एक अन्य युवती सौम्या से भी थे। देवेंद्र और सौम्या अलग फ्लैट में रहते थे, जिसका रचना हमेशा विरोध करती थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने रचना से कहा कि अगर उसे लड़का नहीं हुआ तो देवेंद्र की शादी सौम्या से करा देंगे।

### हादसे में घायल बाइक सवार की अस्पताल में मौत

**ग्रेटर नोएडा।** नवादा गोल चक्कर पर 10 दिन पहले अज्ञात कार की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल व्यक्ति का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। इस मामले में मृतक के बेटे ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।मूलरूप से बुलंदशहर के रहने वाले यशपाल गिरी सेक्टर बीटा-2 में किराए के मकान में रहते थे। यशपाल गिरी के बेटे कृष्णा गिरी ने पुलिस को बताया कि 10 जनवरी को उनके पिता किसी काम से नवादा गांव गए थे। इसके बाद वह बाइक पर सवार होकर वापस अपने कमरे पर लौट रहे थे। नवादा गोल चक्कर के समीप अज्ञात कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए यशपाल गिरी को पहले ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जिसके बाद उन्हें सूर्या अस्पताल में भर्ती करवाया। कृष्णा गिरी के मुताबिक रविवार को सूर्या अस्पताल में उपचार के दौरान उनके पिता यशपाल गिरी ने दम तोड़ दिया। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को ले भेजा है।

# कमरे में अंगीठी जलाकर सोए 3 लोगो की मौत

## एक ही कमरे में सो रहे थे 5 लोग, मृतकों में माता-पिता और बेटा

कानपुर। कानपुर में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। सर्दी से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे 3 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि परिवार के 2 लोगों की हालत गंभीर बनी है। जानकारी पर पुलिस पहुंची। उन्हें कार्डियोलॉजी लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामला बसंती नगर जूही के एक मकान का है।

जूही स्थित बसंती नगर में पूरन चंद्र शर्मा अपने परिवार के साथ रहते थे। रविवार रात ठंड अधिक होने की वजह से परिवार के 5 लोग एक ही कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए। नींद के दौरान ही उनकी दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में पूरन चंद्र शर्मा (90), उनकी पत्नी मिथिला शर्मा (85) और



बेटा नरेंद्र शर्मा (50) शामिल हैं।

### दूध वाले की वजह से बच गई बेटी की जान

पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 8 बजे दूध वाला आया। उसके गेट खटखटाने पर कमरे में सो रही नरेंद्र शर्मा की पुत्री निमिशा (22) की नींद खुल गई। उसने पिता को जगाया, लेकिन वह उठे नहीं। लेकिन उसके भाई ध्रुव शर्मा (18) की नींद खुल गई। हालांकि निमिशा और ध्रुव को उठने के बाद उल्टियां शुरू हो गईं। इसके बाद निमिशा और ध्रुव ने मोहल्ले के लोगों को घर में किसी के न उठने की जानकारी दी, तो हड़कंप मच गया। निमिशा ने परमपुरवा में रहने वाले अपने चाचा रामजी शर्मा को घटना की जानकारी दी, तो वो मौके पर पहुंचे। चाचा ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। बच्चों को पुलिस अस्पताल लेकर गई है।

### 12 फरवरी को है बेटी की शादी

हादसे में बची निमिशा की शादी 12 फरवरी को तय थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। मगर, एक साथ 3 मौतों से घर में मातम छा गया। निमिशा की मां की मौत कैंसर से करीब 4 साल पहले ही हो चुकी है।

### बगल के कमरे में सो रहा था भाई का परिवार

घरवालों के मुताबिक, पूरा परिवार एक साथ ही रहता है। सभी एक साथ अंगीठी की आंच में हाथ सेंके थे। भाई ने बताया, अंगीठी कमरे में रखने के लिए मना किया था। फिर भी पता नहीं कैसे अंगीठी कमरे में रख ली। मेरा पूरा परिवार खतम हो गया। भाई, पत्नी और बच्चों के साथ बगल के कमरे में सो रहे थे।

वहीं, जूही थाना पुलिस डेडबॉडी को लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंची। पोस्टमॉर्टम में देर होने की वजह से अंतिम संस्कार कल होगा।

# उन्नाव में मजदूर का फंदे से लटका मिला शव

उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के भूपतिपुर गांव के रहने वाले मजदूर का संदिग्ध हालत में पेड़ पर फंदे से शव लटका मिला। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मचा रहा। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भूपतिपुर गांव के रहने वाले रमेश का बाइस वर्षीय बेटा रोहित मजदूर करता था। किसी से घर में बिना कुछ बताए निकल गया था। काफी देर रात तक घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। मगर रोहित का कुछ पता नहीं चल सका। मृतक रोहित के भाई मोहित ने बताया कि रात करीब 10 बजे ग्रामीणों से सूचना मिली कि रोहित का शव गांव से बाहर श्यामा पासी के अमरूद के बाग में पेड़ पर संदिग्ध हालत में लटका हुआ मिला हैं।

परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की है। घटना के बाद से पिता रमेश, मां शांति, भाई मोहित और बहन रूबी का रो रोकर बेहाल हैं। भाई मोहित ने बताया कि रोहित काफी दिनों से मानसिक तनाव में रहता था।

इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि जानकारी मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो लोगों की मौत

लखीमपुर-खीरी। पलिया निघासन स्टेट हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को सीएचसी निघासन भर्ती कराया गया जहां तीन की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखीमपुर रेफर कर दिया।

निघासन थाना क्षेत्र के रकेहटी निवासी सुनील कुमार अपनी पत्नी कविता तथा दो माह की बच्ची परी के साथ बाईक से बल्लीपुर ससुराल जा रहे थे। पलिया निघासन स्टेट हाईवे पर बौधिया क्रेशर के पास सामने से मझगईं थाना क्षेत्र के छेदुई पतिया के रहने वाले शिवम 20 वर्ष पुत्र सम्बारी अपने चचेरे भाई हिमांशु के साथ बाइक पर पिरथीपुरवा चौराहे की तरफ जा रहे थे कि दोनों बाईकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में शिवम की मौके पर मौत हो गई। कविता की गोद में दो माह की बच्ची परी थी जो टक्कर में छिटक कर दूर जा गिरी। जिससे बच्ची की भी मौके पर ही मौत हो गई।

# आठ महीने के मासूम के साथ मां ने लगाई फांसी...मौत

## पंखे के सहारे साड़ी के दोनों तरफ लटके मिले शव, मरने से पहले जेठानी को किया था फोन

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद में एक विवाहिता ने आठ माह के मासूम संग फंदा लगाकर जान दे दी। उनके शव साड़ी के दोनों तरफ कमरे में लटके मिले।

सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शवों को उतारकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने जांच पड़ताल की। मायके वालों को घटना की जानकारी दी गई है। घटना जनपद के मऊदरवाजा थाने के मोहल्ला श्यामनगर की है।

मोहल्ला श्यामनगर निवासी अखिलेश



राजपूत समोसा बेचकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनके तीन मकान है, एक में वह अपनी पत्नी आकांक्षा (24), आठ माह के पुत्र दिव्यांश के साथ रहते हैं। जबकि दूसरे मकान में जेठ पंकज व पत्नी के साथ रहते हैं। कुछ दूरी पर बने तीसरे मकान में सास माया देवी सबसे बड़े पुत्र होरीलाल के साथ रहती हैं।

रविवार को माया देवी आकांक्षा के घर आई। मुख्य गेट पर कुंडी न होने से रस्सी बंधी थी। काफी देर तक कुंडी न खुलने पर उसने सुनीता और मंदिर के पास समोसा बेच रहे पंकज को बुलाया।

रस्सी काटकर अंदर देखा, तो कमरे में पंखे के सहारे साड़ी के एक छोर पर आकांक्षा और दूसरे पर दिव्यांश लटका था। इस पर चीख-पुकार मच गई। इसी दौरान पति अखिलेश भी पहुंच गया और शवों को उतार लिया।

### थाने जाकर दी सूचना

अखिलेश पुलिस को सूचना देने थाने गया। पुलिस ने उसे वहीं बैठा लिया। थानाध्यक्ष विनोद शुक्ला, फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

सीओ सिटी प्रदीप कुमार सिंह ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। घटना की सूचना पुलिस ने आकांक्षा के मायके गांव शिवली में दी।

# प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रसाद बांट रहे युवकों पर पथराव

सहारनपुर। अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सहारनपुर में भी उत्साह है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर काउंटर लगाकर प्रसाद का वितरण कर रहे कई युवकों पर मुस्लिम युवकों ने पथराव कर दिया। मुस्लिम युवक मारपीट कर फरार हो गए। जबकि एक नाबालिग युवक गिरफ्तार हुआ है। मामला थाना सिटी कोतवाली के ज्वालानगर का है।

खाना सिटी कोतवाली के मोहल्ला ज्वाला नगर की गली नंबर 4 के बाहर हिंदू युवकों ने प्रसाद का काउंटर लगाया हुआ था। तभी कुछ मुस्लिम युवकों ने हिंदू युवकों पर पर प्रभाव कर दिया उसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई।

मारपीट में हिंदू पक्ष का एक युवक पारस ढींगरा घायल हुआ है जबकि मुस्लिम पक्ष का एक युवक पुलिस की





हिरासत में है। युवक नाबालिग बताया जा रहा है जबकि अन्य युवक फरार हो गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के लोग भी पहुंच गए। जिन्होंने थाने में पहुंचकर घेराव किया। उन्होंने हंगामा भी किया।

फरार आरोपियों को गिरफ्तारी करने की मांग की है अन्यथा की स्थिति में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भी थाने पहुंच गए। आश्वासन के बाद हिंदू संगठन के लोग वापस हुए। ज्वालानगर निवासी निशांत गुंबर, पारस धींगड़ा, अंकित छाबड़ा, मयंक गंभीर, बबलू चावला, साहित चुलबुली, सचिन काका आदि लोगों ने मोहल्ले में हर गली नंबर चार में एक काउंटर लगा रखा था और हलवा और लड्डू का प्रसाद लोगों को बांट रहे थे।

पारस धींगड़ा ने बताया कि उनका काउंटर कंपनी बाग के सामने लगा हुआ था। सोमवार की शाम करीब पौने पांच बजे कंपनी बाग की तरफ से दो से तीन पत्थर आए।

उन्होंने समझा कि वैसे ही आ गए होंगे। उन्होंने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद फिर से बड़ी संख्या में पत्थर आने शुरू हो गए। जिस कारण उन्हें जान बचाकर वहां से भागना पड़ा। कंपनी बाग में जाकर देखा तो 10 से 12 युवक पत्थरबाजी कर रहे थे। वह उन्हें देखकर भाग गए।

बाद में पारस धींगड़ा ने एक को पकड़ने का प्रयास किया तो उसे आरोपितों ने लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया, लेकिन पारस ने एक नाबालिग को पकड़ लिया। सूचना पर शहर कोतवाली, नई मंडी, कुतुबशेर आदि थानों की फोर्स पहुंच गई। बाद में नाबालिग को पकड़कर थाने लाया गया।

# आजमगढ़ में धार्मिक उन्माद फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ के पवई थाना क्षेत्र पुलिस ने अयोध्या में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर धार्मिक भावनाओं को भड़काने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी शहंशाह के बारे में पुलिस को सूचना मिली की आरोपी टेंट हाउस चलाता है। आरोपी अपने मोबाइल नंबरों से 22 जनवरी से 24 जनवरी तक अयोध्या में होने वाले धार्मिक आयोजन को लेकर विभिन्न नंबरों से सोशल मीडिया के ग्रुपों में शत्रुता बढ़ाने, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से द्वेश पैदा करने वाले आडियो, मैसेज भेज रहा है।

आरोपी द्वारा भेजा जाने वाला यह मैसेज वायरल होने लगा। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### आरोपी को भेजा जा रहा जेल

सब इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि आरोपी शहंशाह आलम को हिरासत में लेकर पुलिस ने जब उसका फोन चेक किया, तो फोन में कई पोस्ट और वीडियो देखा गया। आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय भेजा जा रहा है।

जहां से जेल रवाना किया जाएगा। पुलिस ने आरोपी का फोन भी बरामद कर लिया। जिससे आरोपी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।

# वाराणसी आ रहीं मुंबई-दिल्ली की 3 फ्लाइट्स डायवर्ट, विजिबिलिटी जीरो

## वाराणसी में इस सीजन का सबसे ज्यादा कोहरा; चल रही बर्फीली हवा

**वाराणसी।** वाराणसी में सोमवार को इस ठंड के सीजन का सबसे घना कोहरा छाया हुआ है। विजिबिलिटी के कारण सड़क पर 20 मीटर दूर दिखना भी मुश्किल हो रहा है। सड़कों और घाटों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। मौसम विज्ञान विभाग के अलर्ट जारी करते हुए बताया कि आज वाराणसी वेरी डेंस फॉग वाली कंडीशन होगी। इस सीजन का सबसे घना कोहरा। ये कोहरा रात के 1 बजे से ही छाए हैं। कोहरे की वजह से वाराणसी आने वाली कई फ्लाइट डायवर्ट कर दी गईं हैं, और 10 से ज्यादा ट्रेनें लेट हैं। आज सुबह से वाराणसी का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। वाराणसी का अधिकतम तापमान 16.6 डिग्री और न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हिमालय से आ रही बर्फीली हवा 6 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से बह रही है।

वाराणसी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दिल्ली-मुंबई की 3 फ्लाइट कैंसिल कर दी गई। वाराणसी एयरपोर्ट पर घना कोहरा और लो बिजिबिलिटी के चलते नई दिल्ली और मुंबई से लैंड करने वाली 3 फ्लाइट्स को हवा में ही डायवर्ट कर दिया गया है। ये सभी तीनों फ्लाइट जहां से टेकऑफ की थीं, वहीं पर वापस इन्हें लैंड भी करना पड़ा।

# अवैध-कालोनी पर प्रशासन का चला बुलडोजर

शाहजहांपुर। महानगर बनने के बाद शाहजहांपुर में अवैध प्लाटिंग का सिलसिला शुरू हो गया। जगह जगह जरूरी कागजात कागजात पूरे किए अवैध प्लाटिंग की जाने लगी। डेढ़ साल पहले डीएम के आदेश पर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों को चिन्हित कर प्लाटिंग और बैनामों पर रोक लगा दी थी। लेकिन धीरे-धीरे फिर से जिम्मेदारों से साठगांठ कर अवैध प्लाटिंग की जाने लगी। खास बात ये है कि, मिलीभगत से बैनामे भी होने लगे। इसी बीच लगभग 100 बीघा पर बगैर ले आउट पास कराए 12 प्लाट बेच दिए गए। सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट बुलडोजर लेकर पहुंच गए।

# छेड़खानी का विरोध करने पर लड़की का मर्डर

## मेरठ में सरेराह मारी गोली; घरवालों ने सड़क पर शव रख किया हंगामा

मेरठ। मेरठ में सोमवार को एक लड़की की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह घर से मेडिकल स्टोर पर पर दवा लेने जा रही थी। रास्ते में एक लड़के ने उसके साथ छेड़खानी की। इस पर लड़की ने उसका विरोध किया।

इसके बाद दबंग ने तमंचा निकालकर लड़की पर फायर कर दिया। गोली लगते ही लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने शव को सड़क पर रखकर जमकर हंगामा किया। जानकारी मिलने पर भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। मामला फलावदा थाना क्षेत्र का है।

17 साल की लड़की मोहल्ला शहीद भगत सिंह की रहने वाली थी। सोमवार





सुबह वह घर से दवा लेने के लिए निकली थी। तभी उसके पड़ोस में रहने वाले उस्मान के बेटे फरहान ने उसका रास्ता रोक लिया। उसने लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दी।

लड़की ने इसका विरोध किया, तो फरहान ने तमंचा निकालकर लड़की पर तान दिया। इसके बावजूद जब लड़की नहीं मानी, तो फरहान ने उसे गोली मार दी। इससे लड़की की मौके पर ही मौत हो गई।

### खून से लथपथ पड़ी थी लड़की

आसपास के लोगों ने जैसे ही गोली चलने की आवाज सुनी, तो उस तरफ भागे। लोगों ने देखा कि लड़की खून से लथपथ पड़ी है। लोगों ने तुरंत घटना की जानकारी लड़की के घरवालों को दी गई। इस पर लड़की के परिवार वाले मौके पर पहुंचे। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए उन लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। फिलहाल, पुलिस शव को कब्जे में लेने का प्रयास कर रही है। ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव को नहीं उठने दे रहे हैं।

# डीआईजी ने रेंज के तीनों जनपदों की पुलिस को गणतंत्र दिवस तक लगातार सतर्क रहने के दिये निर्देश

## गणतंत्र दिवस को लेकर हाई अलर्ट पर पुलिस, एमपी सीमा पर हुई वाहनों की जांच

ललितपुर। झाँसी, ललितपुर और जालौन में चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखने व संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की गहनता से जांच करने के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कड़े दिशा निर्देश दिए हैं। झाँसी परिक्षेत्र पुलिस ने गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए परिक्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। परिक्षेत्र में किसी तरह की कोई अप्रिय घटना अथवा किसी भी तरह से शांति भंग ना हो इसके लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंधक किए गए हैं। झाँसी, ललितपुर और जालौन में चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखने व संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की गहनता से जांच करने के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कड़े दिशा निर्देश दिए हैं। इसी के मद्देनजर डीआईजी ने इंटरस्टेट एमपी के चिरुला बार्डर का



निरीक्षण किया। इस संबंध में पुलिस उपमहानिरीक्षक कलानिधि नैथानी ने झाँसी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश, ललितपुर के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक अहमद और जालौन के पुलिस अधीक्षक को गणतंत्र दिवस के मद्देनजर एमपी सीमा से लगी यूपी सीमा पर चेकिंग अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट, बस अड्डा आदि पर किरायेदारों की जांच पड़ताल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी के मद्देनजर संबंधित जिले की पुलिस ने होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट, बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, अतिथि ग्रहों, धर्मशालाओं, भीड़भाड़ वाले बाजारों, झुग्गी बस्तियों व सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चेकिंग अभियान शुरु कर दिया।

### हत्या का आरोपी 1 साल बाद पहुंचा जेल

अलीगढ़। अलीगढ़ के गभाना थाना क्षेत्र में पशुपालक की हत्या करके पशु लूटने वाले ईनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गभाना पुलिस लगभग एक साल से आरोपी की तलाश कर रही थी और जगह-जगह उसकी धरपकड़ के लिए दबिश भी दी जा रही थी। पुलिस को अपने मुखबिर से आरोपी की सूचना मिली थी, जिसके बाद तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया और आरोपी को दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया है। गभाना थाना क्षेत्र के गांव राजमऊ में लगभग एक साल पहले घेर पर सो रहे पशुपालक राकेश कुमार पुत्र बनी सिंह की बदमाशों ने हत्या कर दी थी।

# कानपुर में 3 मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

कानपुर। कानपुर के मूलगंज थाना क्षेत्र स्थित बिरहाना रोड के पास स्थित 3 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगने के चलते परिवार के लोग अंदर फंसे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। तत्काल दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

शाम को बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से में अचानक आग लग गई। आग इस कदर फैली कि चंद मिनटों में पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। आग के चलते बिल्डिंग में लगे विज्ञापन बोर्ड भी जल उठे और आकर जमीन गिरे। इससे आग फैलने का खतरा और बढ़ गया। ऊपरी हिस्से की पूरी मंजिल जलकर खाक हो गई है।

साकेत नगर निवासी कारोबारी हरीश अरोड़ा की मेस्टन रोड पर इंद्रा गांधी की मूर्ति के बगल में टोपी बाजार जाने वाले रास्ते में चार मंजिल एचएमएस के नाम से स्पोर्ट्स कांप्लेक्स है। रोज की तरह सोमवार शाम दुकान खुली थी और कर्मचारी अपना-अपना काम कर रहे थे।

शाम करीब 5.20 मिनट पर टोपी बाजार के व्यापारी श्री राम आयोजन को लेकर कांप्लेक्स के बाहर पहुंचे और आतिशबाजी करने लगे। इस दौरान व्यापारियों ने शॉट (पटाखा) लगा दिया। जो करीब 5.37 तक रुक-रुक कर जला। इस दौरान चौथी मंजिल से लपटें उठीं तो कांप्लेक्स के सामने रहने वाले लोगों ने घटना की जानकारी वहां मौजूद लोगों को दी। वह लोग जब तक कुछ समझ पाते कि आग की लपटें तेजी से उठने लगीं। इस दौरान कांप्लेक्स के फाउंडेशन में आग लगने से वह गल-गलकर गिरने लगे।

# शार्ट न्यूज

## ए एस चेक टीम ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में ए एस चेक टीम द्वारा श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था हेतु तुवन मन्दिर ललितपुर, कलेक्ट्रेट परिसर ललितपुर व कस्बा महरौनी में संचालित शोभा यात्रा में में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सघन एवं सतर्कता पूर्ण चैकिंग अभियान चलाया गया है। शोभा यात्रा में सदिग्ध व्यक्ति/वस्तुओं की चैकिंग कर उनसे पूछतांछ की गयी व खड़ी गाडियों की सघन चैकिंग की गयी। ए एस चेक टीम द्वारा सुरक्षा उपकरण एक्सटेंशन मिरर, प्रोडर, डीएसडीएम की मदद से लोगो के सामानों, दुकानों पर सघन चेंकिग की गयी तथा मेटल डिटेक्टर से विस्फोटक पदार्थों आदि की चैकिंग गयी की गयी।

## लखनऊ में निकली भव्य शोभा यात्रा

**महेश सिंह विशाल इंडिया**



लखनऊ। विधानसभा 172 उत्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली श्री राम शोभा यात्रा। आपको बता दें अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राजधानी लखनऊ में सोमवार को खास माहौल रहा। जगह-जगह धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उत्तर मंडल 4 की महिला मंडल अध्यक्ष गुड़िया निगम के नेतृत्व में श्री राम शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में राम भक्त भगवा ध्वज थामकर शामिल हुईं। राजधानी लखनऊ राम नाम के रस में डूब गया है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर लखनऊ में राम उत्सव शुरू हो गया है। राम उत्सव की पूर्व संध्या राम ध्वज के तले ठाकुर उत्सव लॉन से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ जो तमाम क्षेत्र की गलियों चौराहों से होते हुए विशेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर यात्रा का समापन हुआ। इस यात्रा में एकता निगम दीपावली निगम आयुषी गुप्ता दीपांशु गुप्ता तनु निगम अंजली पांडे चांदनी पलक सिंह आयुषी सिंह रिया वाजपेई आस्था बाजपेई आयुषी दीक्षित अंशिका मनीषा पायल पलक सोनम दीपाली सहित सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल रहे।

## फसल की रखवाली कर रहे किसान की मौत

राठ। हमीरपुर में नील-गाय से गेहूं की फसल की रखवाली करने गए किसान की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने मृतक किसान के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि खेत में ठंड लगने से मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना राठ कोतवाली क्षेत्र के गलिहया की है। गलिहया का निवासी पूरनलाल उर्फ पुन्ना पुत्र हरिया जो कि अपने खेत में गेहूं की फसल की रखवाली कर रहा था। परिजनों ने बताया कि ठंड की चपेट में आने से उसकी हालत बिगड़ गई। मौके पर पहुंचे आसपास के किसानों व उसके परिजनों ने जब किसान को अचेत अवस्था में पड़ा हुआ देखा तो उसे आनन-फानन में इलाज के लिए राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने किस को मृत घोषित कर दिया। किसान पूरनलाल उर्फ पुन्ना अपनी 4 बीघा कृषि भूमि में खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिवार में पत्नी तुलसारानी सहित पुत्र सुघर सिंह, बाला प्रसाद और सुदर्शन हैं। राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार सिंह ने बताया कि किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ठंड के चलते डीएम ने बढ़ाई स्कूलों की छुट्टी

आगरा। आगरा में हाड़ कंपाने वाली सर्दी के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ठंड को देखते हुए स्कूल के छात्रों को बड़ी राहत दी गई है। जिलाधिकारी भानूचंद्र गोस्वामी ने यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड समेत अन्य बोर्ड के 8वीं कक्षा तक के विद्यालय 24 जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में अब स्कूल 25 जनवरी को खुलेंगे। ताजनगरी में सर्दी का सितम जारी है। सोमवार को भी गलन और शीत लहर जारी रही। दिन में न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री रहा। सर्दी को देखते हुए डीएम ने कक्षा आठ तक के बच्चों को राहत दी है। सभी बोर्ड के स्कूल 20 जनवरी को भी बंद रहेंगे। कक्षा 9 और 12 वीं तक की कक्षाएं सुबह साढ़े 10 बजे से संचालित होंगी। स्कूल में बच्चों के लिए रूम हीटर की व्यवस्था स्कूल प्रबंधन को करनी होगी। सोमवार को कोहरा अधिक नहीं था, लेकिन सूर्य देव के दर्शन पूरे दिन नहीं हो सके। इससे शीतलहर ने लोगों की दिनभर कंपकंपी छुटाई। सूरज नहीं निकलने से शीत लहर पूरे दिन लोगों को सताती रही। ठंडी हवा चलने से दिनभर लोग ठिठुरते रहे। घरों में भी दिन में हीटर चलाने पर ही सर्दी से राहत महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार, इस सप्ताह सर्दी से राहत नहीं मिलने वाली। न्यूनतम तापमान 5 से 7 डिग्री के बीच ही रहेगा। अधिकतम तापमान भी 16 डिग्री से ऊपर जाने के फिलहाल आसार नहीं है।

## शॉर्टसर्किट से चलती कार में लगी आग

वाराणसी। वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र में पुलिस लाइन के सामने चलती कार में आग लग गई। तेज शॉर्ट सर्किट के बीच कार धू-धूकर जलने लगी। चालक ने अचानक ब्रेक लगाया तो कार पलट गई। कार में आग लगने की सूचना पाकर पुलिस लाइन से फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। लेकिन उनका पंप खराब हो गया। तभी सड़क से गुजरती जलकल के टैंकर को रोककर आग बुझाई गई। आग लगने के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। लोग आग बुझाने में मददगार बने। आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पहाड़िया निवासी आबिद पुत्र अब्दुल जब्बार अपनी BMW कार लेकर मरम्मत को नदेसर जा रहे थे। अचानक पहड़िया मंडी के पास कार बन्द हो गई। काफी प्रयास के बाद भी कार स्टार्ट नही हो सकी। कार स्टार्ट नहीं होने पर वाहन स्वामी ने मेकैनिक को बुलवाया। मेकैनिक ने कार जांची तो कई खामियां बताई, इसके बाद कोशिश करके कार स्टार्ट की गई और उसे गैरेज लेकर जाने लगा। पुलिस लाइन चौराहे पर पहुंचते ही कार का बोनट गर्म हो गया। उससे धुंआ निकलने लगा। वायरिंग के सहारे आग लग गई और चंद सेकेंड में लपटें उठने लगीं। आग देखकर चालक ने कार रोक दी और बीच सड़क में कार बंद कर भागने लगा। आग लगने के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी।

## 4 बाइक सहित 3 चोर गिरफ्तार

चाँदपुर। बिजनौर की चांदपुर पुलिस ने चोरी की 4 मोटरसाइकिलों के साथ 3 चोरों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर इनकी गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार चोरों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर चांदपुर व नूरपुर थाना क्षेत्र से मोटरसाइकिलों की चोरी की थी। चोरी कर इनके रंग व नम्बर प्लेट बदल दिए थे। गिरफ्तार चोरों ने पुलिस को दो अन्य साथियों के नाम बताएं हैं। पुलिस चोरों को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल मामला बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र का है। जहां चांदपुर पुलिस को मोटरसाइकिलों की चोरी की घटनाओं में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने यहां मुखबिर की सूचना पर चोरी की चार मोटरसाइकिलों के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी चोर चांदपुर थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं जो अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चांदपुर व नूरपुर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिलों की चोरियों को अंजाम देते थे। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर खुलासा किया है। राहुल कुमार पुत्र सुनील सैनी मोहल्ला सराय रफी कस्बा चांदपुर व देव यादव पुत्र योगेश यादव गांव रोहनिया एवं मुकुल पुत्र जयराम सिंह निवासी मोहल्ला सराय रफी

## टाइम्स स्क्वेयर पर दिखा भव्य राम मंदिर

### – अमेरिका में भी भक्तों में खुशी की लहर




न्यूयॉर्क । सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की धूम है और अमेरिका में रह रहे भारतीय भी इससे अछूते नहीं है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम स्कायर की स्क्रीन पर भी दिखाया गया। अमेरिका में बसे भारतीय भी प्रभु श्री राम के भव्य राम मंदिर में विराजमान होने वाले ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर टाइम्स स्कायर पर ओवरसीज फेंड्स ऑफ राम मंदिर के सदस्यों द्वारा लड्डू भी बांटे गए। अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के लाइव प्रसारण के लिए न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में जगह-जगह बड़ी स्क्रीन लगाई गई हैं। यहां पर राम मंदिर उद्घाटन का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। अमेरिका में हिंदुस्तानियों की बड़ी आबादी रहती है। अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के कई देशों में बड़ी संख्या में भारतीयों की आबादी रहती है, वहां राम मंदिर कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया गया। न्यूयॉर्क की ओवरसीज फेंड्स ऑफ राम मंदिर संस्था के अनुसार अमेरिका में भी इस कार्यक्रम को बेहद धूमधाम से मनाया जा रहा है। दुनिया भर के लोगों को इस आयोजन से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की।उन्होंने कहा कि, जिसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार था आज वो दिन आ ही गया। टाइम्स स्कायर में भी लोग जश्न में डूबे हैं और हर जगह अयोध्या जैसी ही लग रही है। राम मंदिर के उद्घाटन से पहले टाइम्स स्कायर पर ढोल की गूंज के साथ ही, जय श्री राम के नारे लगाए गए। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का जश्न मनाने के लिए न्यूयॉर्क टाइम्स स्कायर पर भारी भीड़ जमा हो गई है। उत्सव में सैकड़ों हिंदुओं ने हिस्सा लिया।

## चीन में भूस्खलन, 47 लोग दबे

कुनमिंग। दक्षिण पश्चिम चीन के युन्नान प्रांत में सोमवार सुबह भूस्खलन हो गया, जिसमें कुल 47 लोगों के दबने की खबर है। जानकारी अनुसार झाओटोंग शहर के लियांगशुई गांव में सोमवार सुबह 5:51 बजे यह घटना घटित हुई, जिसमें लापता हुए लोगों की तलाश के लिए 33 अग्निशमन वाहनों और 10 लोडिंग मशीनों के साथ 200 से अधिक बचाव दल लगाए गए हैं। बताया जाता है कि भूस्खलन में करीब 47 लोग दबे हैं।

## इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हुई

दमिश्क। सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के ठिकानों पर इजरायल ने मिसाइलों से हमला किया था, जिसमें मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 13 हो गई। यह जानकारी युद्ध से जुड़े मामलों पर काम करने वाली एक एजेन्सी ने दी है। इस संबंध में सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स का कहना है कि 13 मरने वालों में वे पांच ईरानी भी शामिल हैं जिनमें से तीन ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स में कमांडिंग भूमिका निभाई थी। इनके अतिरिक्त चार सीरियाई ईरानी मिलिशिया के साथ अनुबंधित रहे और दो लेबनानी व्यक्ति समेत एक इराकी नागरिक एवं एक सीरियाई तथा एक नागरिक कार्यकर्ता भी है। गौरतलब है कि इज़रायल ने शनिवार को मिसाइलों से हमला किया था। यह हमला समृद्ध माज़ेह वेस्टर्न विला के पड़ोस पर किया गया था। विशेष रूप से एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया गया था, जहां कथित रुप से आईआरजीसी कमांडरों की एक बैठक चल रही थी। सीरिया के विदेश मंत्रालय ने इजरायल के हमले की कड़ी निंदा की है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से ऐसे अत्याचारों को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान भी किया है।

## यूक्रेन के बाजार में गोलाबारी में 25 लोगों की मौत

दोनेत्स्क। रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के एक बाजार में की गई गोलाबारी में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि हमला रविवार सुबह दोनेत्स्क शहर के उपनगर तेकस्तिलशचिक में हुआ है, जिसमें अनेक लोगों की मौत हो गई। गौरतलब है कि दोनेत्स्क में रूस द्वारा शीर्ष अधिकारी डेनिस पुशिलिन तैनात है। उन्होंने बताया कि इस हमले में दो बच्चों समेत 20 लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि गोलाबारी यूक्रेनी सेना द्वारा की गई थी। इस घटना ने यूक्रेन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। पुशिलिन का कहना था कि आपातकालीन सेवा के कर्मचारी घटनास्थल पर बचाव कार्य कर रहे हैं। वहीं, स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रविवार को रूस के उस्त-लुगा बंदरगाह पर एक रासायनिक परिवहन टर्मिनल में दो विस्फोट हुए, जिसके बाद आग लग गई। रिपोर्ट के मुताबिक बंदरगाह पर यूक्रेनी ड्रोन द्वारा हमला किया गया था, जिससे एक गैस टैंक में विस्फोट हुआ और आग फैल गई। रूस स्थित किंगिसेप क्षेत्र में बंदरगाह के प्रमुख यूरी जापलात्स्की ने अपने बयान में कहा है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

## दर्शन के लिए उत्सुक हूं... रामलला को देख क्यों भावुक हुआ इजरायल

जेरूसलम। आज राम लला अपने मंदिर में प्रगट हो गए हैं। अयोध्या मंदिर में राम लला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई, इस कार्यक्रम को लाखों लोगों ने अपने घरों और देश भर के मंदिरों में टेलीविजन पर देखा। पूरी दुनिया के हिंदू इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। विदेशों में भी राम मंदिर की धूम देखने को मिली। अमेरिका से लेकर फ्रांस तक राम मंदिर का जश्न देखने को मिला। इसी बीच भारत के दोस्त इजरायल का भी राम मंदिर को लेकर बयान सामने आया है। इजरायल राम मंदिर के मॉडल के सामने बैठा और भगवान श्री राम को याद किया। इजरायल ने कहा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान के इस शुभ अवसर पर भारत के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। भारत के इस्राइली राजदूत नाओर गिलोन ने सोशल मीडिया पर हिंदी में पोस्ट करते हुए कहा कि दुनिया भर के भक्तों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मैं अयोध्या में राममंदिर के जल्द दर्शन के लिए उत्सुक हूं। यकीनन वह मेरे पास मौजूद इस मॉडल से भी अधिक भव्य और सुंदर होगा। इजरायल के इस बयान के बाद भारत के लोगों ने जय श्री राम लिखा। भारतीय लोगों ने कहा कि भगवान राम की कृपा इजरायल पर बनी रहे। बता दें कि इजरायल पर हमास का हमला हुआ और वहां के कई लोगों को बंधक भी बना लिया गया।

## ष्ड्डद्यद्बद्धश्च्ह्लद्ब्दड्ड में 2 सप्ताह में 6 हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़, निकाली गई रैली

वाशिंगटन। अमेरिकी कांग्रेस के उम्मीदवार रितेश टंडन ने दावा किया है कि पिछले दो हफ्तों में कैलिफोर्निया में छह भारतीय मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के प्रतिनिधित्व के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे भारतीय मूल के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार टंडन ने राज्य सीनेटर आयशा वहाब की प्रतिक्रिया की कमी पर निराशा व्यक्त करते हुए कार्रवाई का आह्वान किया है। टंडन ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि पिछले दो हफ्तों में, छह भारतीय मंदिरों में तोड़फोड़ की गई है, जिनमें से पांच वहाब जिले में स्थित हैं। सीनेटर आयशा वहाब की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। टंडन और प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने बैठक की मांग करते हुए सीनेटर वहाब के कार्यालय के सामने एक रैली आयोजित की। कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान होने के बावजूद, कार्यालय बंद था, जिससे टंडन ने करदाताओं के डॉलर के उपयोग के बारे में चिंता जताई और संभावित वापसी का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आज, हमने सीनेटर वहाब के कार्यालय के सामने एक विरोध रैली आयोजित की, जिसमें उनके कर्मचारियों के साथ बैठक की मांग की गई। दुर्भाग्य से कार्य दिवस पर कार्यालय समय के भीतर होने के बावजूद, कार्यालय बंद था। यह स्थिति आपके कर डॉलर के उपयोग पर प्रकाश डालती है और सुझाव देती है कि इसे वापस लेने पर विचार करने का समय आ गया है।




जर्मनी में नस्लीय भेदभाव और विदेशियों को बाहर किये जाने के विरोध में एक रैली निकाली गयी। इस दौरान लोगों ने बैनर थामे हुए थे।

## अब ताइवान के आकाश में दिखाई दिए चीनी गुब्बारे

### –ताइपे सरकार ने जताया कड़ा विरोध

ताइवान । ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य के ऊपर छह और चीनी गुब्बारे उड़ते हुए दिखाई दिए, जिनमें से एक द्वीप को पार कर गया। ताइवान मंत्रालय का कहना है कि उसने पिछले डेढ़ महीने में इसतरह के गुब्बारे कई बार देखे हैं। मंत्रालय ने महीने की शुरुआत में कड़े शब्दों में बयान में चीन पर विमानन सुरक्षा को धमकी देने और ताइवान के 13 जनवरी के चुनावों से कुछ दिन पहले गुब्बारों के साथ द्वीप के लोगों पर मनोवैज्ञानिक युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया था। चीनी रक्षा मंत्रालय, जिसने पिछले महीने गुब्बारों पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया था, ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। ताइपे सरकार की कड़ी आपत्तियों के बावजूद चीन ताइवान पर अपना दावा करता है। जासूसी के लिए चीन द्वारा गुब्बारों का उपयोग करने की संभावना पिछले फरवरी में एक वैश्विक मुद्दा बन गई जब अमेरिका ने एक चीनी निगरानी गुब्बारे को मार गिराया। चीन ने कहा कि गुब्बारा एक नागरिक जहाज था जो गलती से भटक गया। नवीनतम घटना में मंत्रालय ने सोमवार को पिछले 24 घंटों में चीनी सैन्य गतिविधियों पर अपनी दैनिक रिपोर्ट में खुलासा किया कि रविवार को छह गुब्बारे जलडमरूमध्य की संवेदनशील मध्य रेखा पर उड़ गए थे। हालाँकि, मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए मानचित्र के अनुसार, केवल एक ने दक्षिणी सिरे पर स्थित ताइवान द्वीप को पार किया। मंत्रालय ने कहा कि अन्य पांच गुब्बारे ताइवान के उत्तर की ओर उड़े लेकिन जमीन के ऊपर से नहीं उड़े।

# बंधकों की रिहाई के बदले युद्ध समाप्त करने की हमास की शर्तों को नेतन्याहू ने किया खारिज

### –कहा– सैनिकों की शहादत व्यर्थ हो जाएगी



**जेरूसलम (एजेंसी)।** इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध को समाप्त करने और बंधकों को रिहा करने के लिए हमास द्वारा प्रस्तुत शर्तों को खारिज कर दिया, जिसमें इजरायल की पूर्ण वापसी और गाजा में हमास को सत्ता में छोड़ना शामिल होगा। जैसे ही इजरायली विमानों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस पर बमबारी शुरू की, हमास के वरिष्ठ अधिकारी सामी अबू जुहरी ने रॉयटर्स को बताया कि इजरायली नेता द्वारा गाजा में सैन्य आक्रमण को समाप्त करने से इनकार करने का इसका मतलब है कि (इजरायली) बंदियों की वापसी की कोई संभावना नहीं है।

नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि हमारे बंधकों की रिहाई के बदले में हमास युद्ध की समाप्ति, गाजा से हमारी सेना की वापसी, सभी हत्यारों और बलात्कारियों की रिहाई की मांग करता है और हमास को बरकरार रखने की मांग करता है। नेतन्याहू ने कहा कि मैं हमास के राक्षसों के आत्मसमर्पण की शर्तों को सिरे से खारिज करता हूं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कतर और मिस्र द्वारा नवंबर के अंत में किए गए एक समझौते के तहत, 7 अक्टूबर को हमास आतंकवादियों के हमले के दौरान गाजा में बंदी बनाए गए अनुमानित 240 बंधकों में से 100 से अधिक को इजरायल में रखे गए 240 फिलिस्तीनियों की रिहाई के बदले में मुक्त कर दिया गया था।

नेतन्याहू को कैद में रह गए 136 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ा है। बंधकों और लापता व्यक्तियों के परिवार फोरम ने एक बयान में मांग की कि नेतन्याहू स्पष्ट रूप से कहें कि हम अक्टूबर की पराजय में अपहृत नागरिकों, सैनिकों और अन्य लोगों को नहीं छोड़ेंगे। इसमें कहा गया कि हमें अब सौदे को आगे बढ़ाना चाहिए। अगर प्रधान मंत्री बंधकों की बलि देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें नेतृत्व दिखाना चाहिए और ईमानदारी से इजरायली जनता के साथ अपनी स्थिति साझा करनी चाहिए।

## नेल्सन मंडेला की निजी वस्तुओं की फरवरी में होगी नीलामी, समाधि पर स्मारक उद्यान बनाने की योजना

**जोहानिस्बर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला की समाधि के आसपास स्मारक उद्यान बनाने के लिए उनकी लगभग 100 निजी वस्तुओं की फरवरी में नीलामी की जाएगी। नीलामी की जाने वाली वस्तुओं में अल्पसंख्यक श्वेत सरकार के राजनीतिक कैदी के रूप में 27 वर्ष तक जेल की सजा काट कर रिहा होने के बाद मंडेला को दिया गया पहचान दस्तावेज भी शामिल है। नीलामी में वह 'मदीबा शर्ट' भी रखी जाएगी जो उन्होंने महारानी एलिजाबेथ से मुलाकात के दौरान पहनी थी।

एक कैदी से राष्ट्रपति बनने तक की अपनी अभूतपूर्व यात्रा के सबसे यादगार अवसर पर मंडेला ने जो थ्री पीस पिनस्ट्राइप सूट पहना था और उन्हें उपहार में मिली सोने और चांदी की कई वस्तुओं की नीलामी की जाएगी। न्यूयॉर्क स्थित कंपनी ग्वेर्नसे की द्वारा की जाने वाली यह नीलामी मंडेला की बेटी मकाज़ीवे द्वारा 2022 में हुई कानूनी लड़ाई जीतने के बाद संभव हो पाई। दक्षिण अफ़्रीकी विरासत संसाधन एजेंसी (एसएएचआरए) ने 2022 की जनवरी में होने वाली नीलामी को रोकने की कोशिश की थी।

एजेंसी ने अदालत में दलील दी थी कि जिन 29 वस्तुओं की नीलामी की जानी है, उनमें रोबेन आइलैंड में मंडेला की जेल कोठरी की असली चाबी भी शामिल है। उसने कहा कि यह राष्ट्रीय संपत्ति है और इसे उनकी बेटी निजी संपत्ति बताकर नहीं बेच सकती। उसने कहा कि इसे सुरक्षित रखने के लिए इसे दक्षिण अफ्रीका को लौटाया जाना चाहिए। एजेंसी जिन वस्तुओं को विरासत सामान के रूप में अपने पास रखना चाहती थी उनमें मेंडला का पहचान दस्तावेज, उनके द्वारा जेल से अपने परिजनों एवं अन्य को लिखे गये पत्र, कारागार में रहते हुए उनके द्वारा बनाये गये रेखाचित्र तथा अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा सहित राष्ट्र प्रमुखों द्वारा उन्हें दिये गये उपहार शामिल हैं।

## लॉन्ग कोविड के कारण अभी भी अज्ञात

### –अधिकांश लोग गंभीर बीमारी के बाद हो जाते हैं ठीक

**लंदन (एजेंसी)।** शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का एक हिस्सा, लंबे समय तक रहने वाले कोविड में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सार्स-सीओवी-2 वायरस से संक्रमित अधिकांश लोग गंभीर बीमारी के बाद ठीक हो जाते हैं। यह पहचान की है स्विस शोधकर्ताओं की एक टीम ने। हालांकि, संक्रमित लोगों में कुछ को लंबे समय तक चलने वाले लक्षण विकसित होते रहते हैं। लॉन्ग कोविड के कारण अभी भी अज्ञात हैं, और कोई नैदानिक परीक्षण या उपचार नहीं हैं। स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख विश्वविद्यालय (यूजेडएच) के अध्ययन ने इस बारे में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली के एक हिस्से की भूमिका को इंगित किया जो आम तौर पर संक्रमण से लड़ने और क्षतिग्रस्त और संक्रमित शरीर कोशिकाओं को खत्म करने में मदद करता है।

यूजेडएच में इम्यूनोलॉजी के प्रोफेसर ओनूर बॉयमैन ने कहा, लंबे समय तक कोविड वाले रोगियों में, प्रतिरक्षा प्रणाली का एक हिस्सा जिसे पूरक प्रणाली कहते हैं, अपनी मूल स्थिति में वापस नहीं आती, बल्कि सक्रिय रहती है और इस प्रकार, स्वस्थ शरीर की कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचाती है। शोधकर्ताओं ने सार्स-सीओवी-2 संक्रमण के बाद एक वर्ष तक 113 कोविड रोगियों का अध्ययन किया और उनकी तुलना 39 स्वस्थ लोगों से की।छह महीने के बाद, 40 रोगियों में सक्रिय लांग कोविड बीमारी थी। अध्ययन प्रतिभागियों के रक्त में 6,500 से अधिक प्रोटीन का तीव्र संक्रमण के दौरान और छह महीने बाद विश्लेषण किया गया।

एक्टिव लॉन्ग कोविड में ब्लड प्रोटीन में परिवर्तन पूरक प्रणाली के प्रोटीन के बीच संबंध का संकेत देते हैं, जो रक्त के थक्के जमने और टीशू क्षति और सूजन की मरम्मत में शामिल होते हैं। इसके विपरीत, लंबे समय तक बीमारी से उबरने वाले कोविड रोगियों का रक्त स्तर छह महीने के भीतर सामान्य हो गया। इसलिए सक्रिय लॉन्ग कोविड की पहचान रक्त में प्रोटीन पैटर्न से होती है। बॉयमैन ने कहा, हमारा काम न केवल बेहतर निदान की नींव रखता है, बल्कि नैदानिक अनुसंधान का भी समर्थन करता है जिनका उपयोग पूरक प्रणाली को विनियमित करने के लिए किया जा सकता है। यह लंबे समय तक कोविड वाले रोगियों के लिए अधिक लक्षित उपचारों के विकास के लिए नए रास्ते खोलता है।

बॉयमैन की टीम में शामिल पोस्टडॉक्टरल शोधकर्ता कार्लो सर्विया-हस्लर ने समझाया, लॉन्ग कोविड में किन प्रोटीनों में बदलाव किया गया, इसके विश्लेषण से पूरक प्रणाली की अत्यधिक गतिविधि की पुष्टि हुई। सक्रिय लॉन्ग कोविड वाले रोगियों में भी रक्त का स्तर ऊंचा था, जो लाल रक्त कोशिकाओं, प्लेटलेट्स और रक्त वाहिकाओं सहित शरीर की विभिन्न कोशिकाओं को नुकसान का संकेत देता है।

## ट्रंप के रास्ते से एक और कांटा हुआ दूर... रोनाल्ड डीसैंटिस दौड़ से हटे

### –अब सिर्फ ट्रंप और निक्की हेली के बीच मुकाबला



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक और कांटा दूर हो गया है। फ्लोरिडा के गवर्नर रोनाल्ड डीसैंटिस ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की दौड़ से हटने और पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर ट्रंप का समर्थन करने की घोषणा की। अब भारतीय-अमेरिकी और दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली (51) इकलौती रिपब्लिकन नेता हैं, जो ट्रंप (77) के खिलाफ उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल हैं।

बता दें कि इसके पहले भारतीय मूल के नेता विवेक रामास्वामी ने भी रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस से खुद को बाहर किया था। उन्होंने कहा था कि मैं इस देश और पार्टी की सेवा करना चाहता हूं, जिसके लिए मैंने ट्रंप के समर्थन का निर्णय लिया है।

ट्रंप अभी तक रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं और पार्टी के ज्यादातर सदस्य उनका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह आयोवा कॉकस में जीत हासिल की और वह न्यू हैम्पशायर प्राइमरी चुनाव में आगे चल रहे हैं जहां 23 जनवरी को मतदान होना है। एक वक्त में ट्रंप के लिए कड़ी चुनौती के रूप में देखे जा रहे डी सैंटिस के नाम वापस लेने से अब रिपब्लिकन पार्टी में मुकाबला ट्रंप और हेली के बीच है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पूर्व राष्ट्रपति रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए तैयार हैं और नवंबर 2024 का राष्ट्रपति चुनाव 2020 के चुनाव की तरह ही ट्रंप बनाम बाइडन होगा।

डीसैंटिस ने वीडियो संदेश में कहा, ''आयोवा में दूसरे स्थान पर रहने के बाद हमने आगे के अपने कदम पर विचार-विमर्श किया। अगर अनुकूल परिणाम हासिल करने के लिए कुछ होता तब मैं कर सकता था, और मैं करूंगा। लेकिन अगर हमें जीत का पक्का भरोसा नहीं है तब मैं अपने समर्थकों से अपना वक्त और पैसा खर्च करने के लिए नहीं कह सकता। यह देखकर मैं आज अपना अभियान निलंबित कर रहा हूं।

उन्होंने कहा, मुझे स्पष्ट हो गया है कि ज्यादातर रिपब्लिकन प्राइमरी मतदाता ट्रंप को एक और मौका देना चाहते हैं। मेरी ट्रंप से कई मुद्दों पर असहमतियां हैं, लेकिन वह वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन से बेहतर हैं। ट्रंप को मेरा समर्थन प्राप्त है। ट्रंप ने डीसैंटिक के उम्मीदवारी वापस लेने का स्वागत किया। उन्होंने कहा, ''मैं रोनाल्ड का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं और बहुत अच्छा काम करने के लिए उन्हें बधाई देता हूं। वहीं, हेली ने कहा कि वह दौड़ में बनी रहेंगी। उन्होंने कहा, ''मैं डीसैंटिस से कहना चाहती हूं कि उन्होंने अच्छा मुकाबला किया। वह बहुत अच्छे गवर्नर रहे हैं और हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

## यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में मारे गए नेपालियों को रूस देगा मुआवजा

### – नेपाल सरकार ने कहा, वापस भेज दें हमारे सभी लोग

**काठमांडू (एजेंसी)।** रूस नेपाल के उन युवाओं के परिवारों को मुआवजा देगा, जो यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में मारे गए हैं। यह बात नेपाल के नए विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद ने कही है। सऊद ने कहा कि रूस युद्ध में मारे गए नेपालियों के परिवारों को इसका भुगतान सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही सभी जरूरी व्यवस्था की जाएगी। अब तक रूस की ओर से लड़ते हुए 13 नेपाली नागरिकों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। नेपाल के 113 परिवारों ने विदेश मंत्रालय से संपर्क कर रूसी सेना में भर्ती अपने सदस्यों के ठिकाने की तलाश करने का आग्रह किया है। अभी तक ये सटीक जानकारी नहीं मिल सकी है कि कितने नेपाली नागरिक रूसी सेना में शामिल हुए हैं। रूसी सरकार यूक्रेन के साथ युद्ध में मारे गए रूसी सैनिकों के परिवारों को मुआवजे के रूप में पांच मिलियन रूबल का भुगतान करेगी और घायल सानिकों को तीन मिलियन रूबल देगी। युद्ध में मारे गए या घायल हुए विदेशी सैनिकों को भी यही राशि दी जाएगी या ये कुछ कम-ज्यादा होगी, ये अभी स्पष्ट नहीं है। नेपाली विदेश मंत्री सऊद ने इस पर कहा कि जहां तक मुझे बताया गया है कि मुआवजा राशि 7 मिलियन रुपए या इसके आसपास होनी चाहिए। रूस ने पहले मुआवजा पाने के लिए मृतक सैनिकों के परिवार को बुलाने की बात कही थी। इसे नेपाल ने खारिज करते हुए कहा कि यह संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सभी परिवारों के सदस्य विभिन्न कारणों से रूस की यात्रा करने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए मॉस्को में नेपाली दूतावास को राशि प्रदान करने का अनुरोध किया गया। सऊद ने कहा कि वे जल्द ही रूसी पक्ष के साथ समझ के माध्यम से समाधान ढूंढ लेंगे। रूसी सेना में सेवा देने वाले लोगों के परिवारों को दी जाने वाली रूसी नागरिकता पर मंत्री ने कहा कि यह संबंधित सदस्यों पर निर्भर है। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा हस्ताक्षरित एक डिक्री के अनुसार रूस उन विदेशी नागरिकों और उनके परिवारों को नागरिकता देगा, जो यूक्रेन में रूस के लिए लड़ रहे हैं।

# उम्मीद से ज्यादा होगी गर्मी, तपती धरती पर रहना हो जाएगा मुश्किल

**पेरिस (एजेंसी)।** आने वाले समय में धरती पर तपन बहुत तेज हो जाएगी। लोगों को जीना दूभर होगा और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो जाएगा। वर्तमान डेटा से पता चल रहा है कि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की वैश्विक प्रतिबद्धता का उल्लंघन हो रहा है और गर्मी में वृद्धि तेज होती जा रही है। बाढ़, आग और तूफान जैसी चरम मौसमी घटनाओं में तेजी होना तेज़ी से गर्म हो रही धरती के परिणाम बता रहे हैं। हैनसेन ने भविष्यवाणी की है, 'अगले वसंत के बाद से कोई तर्क ही नहीं बचा होगा, हम ट्रेंड (धरती सका बढ़ता तापमान) से बहुत दूर हो जाएंगे।'

फ्रांस ने हाल ही में धरती पर ग्लोबल वार्मिंग पर अध्ययन किया गया। पॉल सबेटियर विश्वविद्यालय के पर्यावरण वैज्ञानिक ऑड्रे मिनिएर के नेतृत्व में की गई स्टडी के अनुसार, पृथ्वी के गर्म होने की प्रवृत्ति में तेजी आई है। उन्होंने इसके साक्ष्य भी प्रस्तुत किया है। इसका असर खासकर समुद्र के तापमान में बदलाव पर भी पड़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग में तेज़ी को लेकर वैज्ञानिक समुदाय में भी बहस छिड़ी हुई है। जलवायु वैज्ञानिक जेके हस्फादर ने बताया कि एक अन्य अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि 2010 के बाद से वार्मिंग की दर में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।शोध वैज्ञानिक रिपोर्ट में प्रकाशित किया गया था और ग्रह पर त्वरित वार्मिंग और इसके दूरगामी प्रभावों को संबोधित करने की तात्कालिकता को रेखांकित किया गया था। पृथ्वी के गर्म होने की प्रवृत्ति से संबंधित परिवर्तनों को जिम्मेदार ठहराने के लिए और अधिक जांच की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं ने कहा, 'पृथ्वी के गर्म होने का दीर्घकालिक कारण के रूप में सीओ 2 सांद्रता में वृद्धि और उसी अवधि के दौरान एयरोसोल एकाग्रता में गिरावट को दर्शाता है।' लेकिन इन परिवर्तनों को उचित रूप से बताने के लिए आगे की जांच आवश्यक है।



## ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी

**मेलबर्न।**

भारतीय अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने वेस्ले कूलहोफ और निकोला मेक्टिक की 14वीं वरीयता प्राप्त डच-क्रोएशियाई जोड़ी को 7-6 (10-8), 7-6 (7-4) से हराकर अंतिम आठ चरण में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद बोपन्ना ने पुरुष युगल में विश्व नंबर 2 रैंकिंग सुनिश्चित की और क्वार्टर में जीत उन्हें रैंकिंग शिखर पर ले जाएगी। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी अब छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना की जोड़ी मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से भिड़ने को तैयार है। 43 वर्षीय बोपन्ना ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में जीवित एकमात्र भारतीय चुनौती बने हुए हैं।



## इंग्लैंड सीरीज के जरिए जायसवाल टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की करेंगे : गावस्कर

**नई दिल्ली-**

इंग्लैंड के खिलाफ बहुप्रतीक्षित टेस्ट सीरीज से पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह युवा खिलाड़ी इंग्लैंड श्रृंखला के अंत तक भारतीय टेस्ट टीम में अपनी स्थिति मजबूत करेगा।भारत और इंग्लैंड 25 जनवरी से हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पहले मैच के लिए आमने-सामने होंगे। भारत का लक्ष्य इंग्लैंड के खिलाफ अपने प्रभावशाली घरेलू रिकॉर्ड को आगे बढ़ाना है, जिसने 2016/17 सीरीज में 4-0 से और 2020/21 में 3-1 और जीत हासिल की थी।गावस्कर ने बाएं हाथ के बल्लेबाज की घरेलू परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की क्षमता का हवाला देते हुए जायसवाल के प्रदर्शन के बारे में अपनी बात रखी। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मुझे लगता है कि इस सीरीज के बाद वह खुद को भारतीय टेस्ट टीम में पूरी तरह से स्थापित कर लेंगे। साथ ही जायसवाल घरेलू परिस्थितियों में आसानी से जम जाएंगे। 74 वर्षीय ने श्रेयस अय्यर का भी जिक्र किया और उम्मीद जताई कि यह बल्लेबाज इंग्लैंड के खिलाफ चमकेंगे। भारत के लिए 12 टेस्ट मैचों में 39.27 की औसत से 707 रन बनाने वाले अय्यर के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया संघर्ष ने चिंता बढ़ा दी है।गावस्कर ने विश्व कप के दौरान भारतीय पिचों पर अय्यर के शानदार प्रदर्शन को याद करते हुए टेस्ट सीरीज में भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।



गावस्कर ने कहा, विश्व कप में श्रेयस अय्यर ने भारतीय पिचों पर शानदार बल्लेबाजी की, इसलिए मुझे उम्मीद है कि वह टेस्ट श्रृंखला में भी नंबर 5 पर इसी तरह खेलेंगे। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी की। शुरुआत में काफी सतर्क थे और फिर बाद में उन्होंने स्ट्रोक लगाए। मुझे उम्मीद है कि वह इसे दोहराएंगे।

## संक्षिप्त समाचार



### हैरी के बाहर होने से इंग्लैंड की उम्मीदें कम हुईं : पीटरसन

**लंदन ।** भारत के खिलाफ सीरीज से पहले ही मेहमान टीम इंग्लैंड को करारा झटका लगा है। उसके बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने निजी कारणों से इस सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने कहा है कि हैरी की कमी टीम को खलेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसे लेकर अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। .पीटरसन ने सोशल मीडिया में लिखा, मैं उम्मीद करता हूं कि हैरी और उसके परिवार के साथ सबकुछ ठीक होगा। दूसरी बात ये है कि हैरी के बाहर होने के बाद इंग्लैंड की उम्मीदें थोड़ी कम हो गई है क्योंकि हैरी आक्रामक तरीके से खेलते हैं। हैरी ने इंग्लैंड की ओर से अब तक 12 टेस्ट मैचों की 20 पारियों में 62 के औसत से कुल 1181 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट करीब 91 का रहा है और इस दौरान उन्होंने 4 शतक लगाये हैं। हैरी के बाहर होने पर डेन लॉरेंस को टीम में अवसर दिया गया है। लॉरेंस 2021 में टेस्ट सीरीज के लिए भारत का दौरा करने वाली टीम में शामिल थे। उन्होंने चार में से दो टेस्ट खेले थे। चौथा टेस्ट उन्होंने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जहां पहली पारी में उन्होंने 46 और दूसरी पारी में 50 रन बनाये थे।

### भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार रहेगी :आथर्टन



**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल आथर्टन ने कहा है 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरु हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। आथर्टन ने कहा, मुझे लगता है कि भारत यह सीरीज जीत जीएगा क्योंकि मेजबान टीम के स्पिनर हमसे बेहतर हैं। साथ ही कहा कि अगर आप भारत खेलने जाते हैं तो स्पिन की अहम भूमिका होती है। पहले भी हमने ऐसा भारत के मैदानों में देखा है। इसके अलावा भारतीय टीम के पास एक अच्छा गेंदबाजी आक्रमण भी है। इस पूर्व कप्तान ने साथ ही कहा, भारत के पास दो बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल हमारे स्पिनरों से बेहतर हैं। इसके अलावा उनके पास कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और आर अश्विन भी हैं। सभी जानते हैं कि अश्विन एक अनुभवी स्पिनर हैं। दूसरी ओर इंग्लैंड के पास जैक लीच के रूप में केवल एक अनुभवी बाएं हाथ का स्पिनर है। इसके अलावा रेहान अहमद, टॉम हार्टले और शोएब बशीर भी हैं पर इनके पास ज्यादा अनुभव नहीं है। भारत और इंग्लैंड के बीच जनवरी से मार्च के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज होगी। इसका पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में , दूसरा 2 फरवरी से विशाखापट्टनम में, तीसरा 15 फरवरी से राजकोट में , चौथा 23 फरवरी से रांची में और पांचवा 7 मार्च से धर्मशाला के मैदान पर खेला जाएगा।

# अपनी मां से तलवारबाजी के लिए प्रोत्साहित होने पर मणिपुर के जेनिथ ने एपी में रजत पदक जीता

**चेन्नई।**

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में तमिलनाडु के एन. अंबलेस गोविन के खिलाफ एपी फाइनल के तुरंत बाद मणिपुर के फेंसर जेनिथ एस.एच का फोन बजने लगा। यह उनकी मां रोमोला देवी थीं, जो पता लगाने के लिए फोन कर रही थीं कि रविवार को उनके मैच में क्या हुआ।इंफाल ईस्ट के रहने वाले जेनिथ ने तलवारबाजी में जो कुछ भी हासिल किया है उसका श्रेय अपनी मां को देते हैं। उसने जेनिथ को अपने घर के पास की अकादमी में इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करने का फैसला किया। तलवारबाजी एक महंगा खेल है और जेनिथ के पिता एसएच अर्लेक्स, जो पड़ोस में किराने की दुकान चलाते हैं, को उनके प्रशिक्षण का समर्थन करने के लिए परिवार के संसाधनों से निवेश करना पड़ा, जब तक कि युवा खिलाड़ी ने राष्ट्रीय सर्किट पर अपनी छाप नहीं छोड़ी और उन्हें गुवाहाटी परिसर में प्रशिक्षण के लिए चुना गया। जेनिथ ने कहा, जिनकी एक छोटी बहन भी है, ÷जब मैंने पास की अकादमी में पढ़ाई शुरू की, तो मेरे माता-पिता को पोशाक, जूते और हथियार का खर्च वहन करना पड़ा। गुवाहाटी आने के बाद, भले ही हथियार साई से जारी किए जाते हैं, मेरे माता-पिता हर संभव तरीके से मेरा समर्थन कर रहे हैं। ऐसे भी दिन थे जब मुझे लगा कि संघर्ष हो रहा है लेकिन मेरे माता-पिता ने सुनिश्चित किया कि वे मुझे उस दबाव को महसूस नहीं होने देंगे। हालाँकि गुवाहाटी जाना आसान नहीं था। जेनिथ को घर की याद आने लगी और वह घर लौटना चाहता था। हालाँकि, उनकी माँ ने उन्हें यहीं रहने और अपने कौशल पर काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, ÷शुरुआत में इसका मुझ पर थोड़ा असर हुआ, लेकिन फिर मेरी मां ने मुझे समझाया और गुवाहाटी मेरे घर से ज्यादा दूर भी नहीं है।एसएआई गुवाहाटी में शामिल होने के कुछ महीने बाद, जेनिथ ने सब-जूनियर नेशनल में स्वर्ण पदक जीता और एक साल बाद कैडेट वर्ग में कांस्य पदक जीता। वह भोपाल में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के पिछले संस्करण में मणिपुर टीम का भी हिस्सा थे, जो क्वार्टर फाइनल में हार गई थी। लेकिन उन्होंने दिसंबर 2023 में गुजरात के मेहसाणा में 18वीं कैडेट नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप में टीम स्वर्ण जीतकर शानदार वापसी की। इस उपलब्धि से तरोताजा होकर, जेनिथ आत्मविश्वास से भरे हुए चेन्नई आए और जाहिर तौर पर खुश थे कि वह खेलो इंडिया यूथ गेम्स के इस संस्करण में मणिपुर के लिए पदक का खाता खोल सके। जेनिथ अब खेलो इंडिया यूथ गेम्स में एपी टीम इवेंट में हिस्सा लेंगे और उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक पर है।



## सीए ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए घोषित की टीम, मैक्सवेल और कमिंस को आराम

### युवा खिलाड़ी फ्रेजर और बार्टलेट शामिल

**सिडनी ।**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 फरवरी से 6 फरवरी तक होने वाली सीरीज के लिए अपनी 13 सदस्यीय एकदिवसीय टीम घोषित कर दी है। इस सीरीज के लिए ग्लेन मैक्सवेल को आराम दिया गया है जबकि युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क और अनकैप्ड स्पीडस्टर जेवियर बार्टलेट को भी इस सीरीज में अवसर दिया गया है। वहीं झाय रिचर्डसन चोटिल होने के कारण इस सीरीज से बाहर हैं। वहीं तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क , ऑलराउंडर मिशेल मार्श और जोश हेजलवुड को भी इस सीरीज के लिए आराम दिया गया है। युवा खिलाड़ी फ्रेजर-मैकगर्क ने ऑस्ट्रेलिया में इस सत्र की शुरुआत में ही मार्श कप में तेजी से शतक लगाकर विश्व-रिकॉर्ड बनाया था। अभी वह बिग बैश लीग (बीबीएल) में फ्रेजर-मैकगर्क मेलबर्न रेनेगेड्स की ओर से खेल रहे हैं। सीए का कहना है कि मैक्सवेल को वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 से पहले कार्यभार प्रबंधन की नीति के तहत आराम दिया है। वहीं डेविड वार्नर के संन्यास के बाद अब मैट शॉर्ट को ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत का अवसर मिल सकता है। इसके अलावा लांस मॉरिस भी इस सीरीज से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखेंगे।

वहीं तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क , ऑलराउंडर मिशेल मार्श और जोश हेजलवुड को इस सीरीज के लिए आराम दिया गया है। टीम में कमिंस के नहीं होने पर स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम की कप्तानी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की ये एकदिवसीय सीरीज ब्रिस्बेन, सिडनी और कैनबरा में 2 फरवरी से शुरू होकर 6 फरवरी तक चलेगी। स्टीवन स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, लांस मॉरिस, मैट शॉर्ट, एडम जम्पा।



## विराट इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे

**मुम्बई ।**

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से होने वाले पहले क्रिकेट टेस्ट मैच से बाहर हो गये हैं। विराट का बाहर होना भारतीय टीम के लिए करारा झटका है क्योंकि वह मध्यक्रम में टीम के प्रमुख बल्लेबाज हैं। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार विराट निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई ने कहा कि प्रशंसकों को विराट के इस निर्णय का सम्मान करना चाहिये। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट सीरीज होनी है। ऐसे में विराट का इसमें खेलना भारतीय टीम की बल्लेबाज को मजबूती देता। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भी कहा है कि इंग्लैंड के गेंदबाजों की आक्रामक रणनीति का जवाब विराट के पास है और वह इससे भारतीय टीम को बेहतर स्थिति में ला सकते हैं। वहीं इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिनसन और पूर्व क्रिकेटर मोंटी पनेसर ने कहा था कि विराट के अहम को नुकसान पहुंचने से उनकी टीम को लाभ हो सकता है। इससे वह अति आक्रामक होकर विकेट खो सकते हैं। अब जबकि विराट पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे तो मेहमान टीम के गेंदबाजों के पास दबाव बनाने का अच्छा अवसर है। विराट इंग्लैंड के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 28 टेस्ट मैच में 42.36 के औसत और 5 शतकों की सहायता से 1991 रन बनाये हैं। इंग्लैंड के खिलाफ विराट से ज्यादा रन केवल सचिन तेंदुलकर 2535 रन और सुनील गावस्कर 2483 रन हैं।



**पहले दो टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, केएस भरत, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, मुकेश कुमार, आवेश खान।




### अंडर19 विश्व कप क्रिकेट में श्रीलंका और न्यूजीलैंड ने अपने शुरुआती मुकाबले जीते

**जोहान्सबर्ग ।** श्रीलंका और न्यूजीलैंड ने भी दक्षिण अफ्रीका में खेले जा रहे अंडर19 विश्‍ व कप में अपने-अपने शुरुआती मुकाबले जीत लिए हैं। श्रीलंका को जहां जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा। वहीं न्यूजीलैंड की टीम आसानी से जीत गयी। न्यूजीलैंड ने नेपाल के खिलाफ 64 रनों से आसान जीत हासिल की। वहीं एक अन्य मुकाबले में श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को 39 रन से हराया। जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही पर दिनुरा कालूपहाना के अर्धशतक से वह 200 के ऊपर पहुंच गयी। श्रीलंका को अच्छी गेंदबाजी के आधार पर जिम्बाब्वे पर जीत मिली। वहीं स्नेहिथ रेड्डी के शतक से न्यूजीलैंड अंडर19 टीम ने 300 से अधिक रन बना लिये। इस प्रकार ये उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली टीम बन गयी।

वहीं श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में जिम्बाब्वे के कप्तान मैथ्यू शॉनकेन ने टॉस गेंदबाजी शुरु की। उसके तेज गेंदबाजों कोहल एक्स्टीन और अनेसु कामुरिवो के सामने श्रीलंकाई बल्लेबाज टिक नहीं पाये और पहले पांच ओवरों में श्रीलंका के तीन विकेट गिर गये। श्रीलंका के कप्तान सिनेथ जयवर्धने की पारी की जीत में अहम भूमिका रही। इसके बाद रवीशन डी सिल्वा और रुसांडा गमागे ने अच्छे प्रयास किये। दिनुरा कलपुहाना और शारुजन शनमुगनाथन ने पारी को बढ़ाया कलपुहाना ने दो छक्कों सहित आठ चौके लगाकर 60 रन बनाये। इससे श्रीलंका को वापसी करने में मदद मिली। श्रीलंका की टीम 204 रन पर आउट हो गई। इसके बाद 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम 166 रनों पर ही सिमट गयी। न्यूजीलैंड ने नेपाल को 64 रनों से हराया।

## सात्विकसाईराज और चिराग इंडिया ओपन फाइनल में हारे, कोरियाई जोड़ी बनी विजेता

**नई दिल्ली ।**

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को इंडिया ओपन बैडमिंटन फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। इस भारतीय जोड़ी को दक्षिण कोरिया की दूसरे नंबर की जोड़ी को कैंग मिन ह्युक और सियो सेयुंग जेइ के हाथों महिला युगल में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय जोड़ी पहला गेम जीतने के बाद अपनी लय बरकरार न रख पाने के कारण हारी। सात्विक और चिराग की जोड़ी को खिताबी मुकाबले में कैंग और सियो की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने एक घंटा और पांच मिनट में 21-15, 11-21, 18-21 से हरा दिया। इसी के साथ ही इस जोड़ी ने दूसरी बार इंडिया ओपन का खिताब जीता है। इस मुकाबले में भारत और कोरिया की जोड़ी के बीच शुरुआत से ही कड़ा मुकाबला हुआ। सात्विक ने शुरुआत में काफी गलतियां की जिससे कैंग और सियो को कुछ आसान अंक मिले। सात्विक और चिराग ब्रेक तक 11-9 से आगे रहे। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी ने स्कोर 13-9 किया और फिर बढ़त बनाये रखते हुए स्कोर 18-13 पहुंचाया। चिराग के स्मैश से भारतीय जोड़ी ने छह गेम अंक भी हासिल किए। सात्विक-चिराग ने पहला गेम 18 मिनट में 21-15 से जीता। वहीं दूसरे गेम में कोरिया की जोड़ी ने बेहतर शुरुआत करते हुए 5-1 की बढ़त बनाई। चिराग ने अपने तूफानी स्मैश से दो अंक हासिल कर स्कोर 4-6 तक पहुंचाया। सात्विक और चिराग ने इसके बाद कुछ गलत शॉट लगाये जिससे कोरियाई जोड़ी का 11-5 की अच्छी बढ़त मिल गयी। इसके बाद कोरियाई जोड़ी ने लगातार नौ अंक के साथ स्कोर 16-5 किया और फिर आसानी से गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबरी पर ला दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में भी सात्विक और चिराग ने लगातार सहज गलतियां की जिससे कैंग और सियो ने 6-3 की बढ़त बनाई। सात्विक और चिराग ने कई शॉट नेट पर और बाहर मारे जबकि विरोधी जोड़ी को नेट से पीछे भी नहीं धकेल पाए। कोरियाई जोड़ी ब्रेक तक 11-6 से आगे रही। भारतीय जोड़ी ने ब्रेक के बाद वापसी करते हुए स्कोर 10-12 किया पर कोरिया की जोड़ी लगातार अंक हासिल कर बढ़त बरकरार रखने में सफल रही और उसने मुकाबला जीता लिया।



## गावस्कर बोले, विराट के सामने नहीं चलेगी इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति



**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज में इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति काम नहीं करेगी। गावस्कर के अनुसार इस सीरीज में इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति का सामना करने के लिए भारत के पास विराट कोहली जैसा अनुभवी बल्लेबाज है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड की रणनीति को नाकाम करने की पूरी क्षमता विराट में है। गावस्कर ने कहा, 'विराट आजकल जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, उनका मूवमेंट अच्छा है। वह जिस फॉर्म में हैं, उसे देखते हुए इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति का सामना करने के लिए हमारे पास विराट जैसा बल्लेबाज है। उन्होंने कहा कि कोहली 152 रन और बनाते ही टेस्ट क्रिकेट में 9000 रन बनाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में जुड़ जाएंगे। वह आगामी सीरीज में भारत के ट्रंपकार्ड होंगें। उनके नाम 113 मैच में 29 अर्धशतक और 30 शतक हैं। गावस्कर ने कहा, 'हां, पारी को बढ़ाने का मतलब अर्धशतक से ज्यादा शतक होना है। कोहली के पास शतक और अर्धशतक करीब करीब बराबर ही हैं, इसका मतलब है कि उनकी अर्धशतक को शतक में बदलने की गति काफी अच्छी है। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड ने पिछले एक दो साल से टेस्ट क्रिकेट में आक्रामक रणनीति का जो नया तरीका अपनाया है उसमें बल्लेबाज तेजी से रन बनाने का प्रयास करते हैं। ये रणनीति भारत में इसलिए कारगर नहीं होगी क्योंकि हमारे पास कई अच्छे स्पिनर हैं।

## न्यूजीलैंड के स्नेहित ने शुभमन के अंदाज में मनाया जश्न



**जोहान्सबर्ग ।** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर स्नेहित रेड्डी ने अंडर 19 क्रिकेट विश्वकप में शतक के बाद जमकर जश्न मनाया। इस दौरान उनका अंदाज भारत के शुभमन गिल जैसा था। इस जश्न का वीडियो आईसीसी ने भी साझा किया है। विश्वकप में न्यूजीलैंड का मुकाबला नेपाल की अंडर-19 टीम से हुआ था। इसमें कीवी टीम ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्नेहित के शतक से 8 विकेट पर 302 रन बनाये। स्नेहित ने 125 गेंद पर 147 रन की पारी खेली। कप्तान ऑस्कर जैकसन 75 ने भी बेहतर बल्लेबाजी की। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 157 रन की साझेदारी की। स्नेहित ने अपनी पारी में 11 चौके और 6 छक्के लगाये। इस दौरान उन्होंने शुभमन के अंदाज में सामने की ओर झुकते हुए दर्शकों का अभिवादन किया। न्यूजीलैंड ने स्नेहित की इस पारी से नेपाल को 64 रन से हराया था। वहीं नेपाल की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 238 रन ही बना पायी। स्नेहित ने अपने जश्न को लेकर कहा कि शुभमन गिल मेरे पसंदीदा खिलाड़ी हैं और उनके खेलने का अंदाज शानदार है।

# अंतरिम बजट में होगा 5.3 फीसदी नुकसान का लक्ष्य!

## वित्त वर्ष 2025 के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी के 5.3 प्रतिशत के बराबर रखा जा सकता है

**नई दिल्ली ।**

अर्थशास्त्रियों और अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के कई अनुमानों के विश्लेषण से पता चलता है कि आगामी अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 2025 के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी के 5.3 प्रतिशत के बराबर रखा जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ अर्थशास्त्रियों का पूंजीगत व्यय में कमी आने का अनुमान है, जो कोविड के बाद के दो वित्तीय वर्षों में बहुत ज्यादा रहा है। अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के 10 शोध रिपोर्टों का विश्लेषण किया गया गया है। इनमें से 8 ने अनुमान लगाया है कि राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 5.3 प्रतिशत रहेगा, जबकि दो एजेंसियों ने 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आम चुनावों को देखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लेखानुदान या अंतरिम बजट पेश करेंगी, जिससे अगली सरकार द्वारा पूर्ण बजट पेश किए जाने के पहले शुरुआती व्यय किया जा सके। गोल्डमैन सैक्स ने एक बयान में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2025 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.2 से 5.4 प्रतिशत के बीच रखेगी। वित्त वर्ष 26 तक मध्यावधि के हिसाब से राजकोषीय समेकन का लक्ष्य 4.5 प्रतिशत करने के सरकार के लक्ष्य को



देखते हुए यह अनुमान लगाया गया है। वित्त वर्ष 24 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.9 प्रतिशत रखा गया है।

बजट में अनुमानित नॉमिनल जीडीपी वृद्धि की तुलना में इसके कम रहने, विनिवेश से कम आमदनी और सब्सिडी के ज्यादा बोझ के कारण ज्यादातर अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यह लक्ष्य अधिक गैर कर राजस्व व प्रमुख मंत्रालयों के बचत से पूरा किया जाएगा। इसी तरह का विचार पेश करते हुए बार्कलेज का कहना है कि ज्यादा कर व गैर कर राजस्व संग्रह से विनिवेश राजस्व से आई कमी की भरपाई हो जाएगी और उम्मीद है कि केंद्र सरकार चालू वित्त वर्ष में आसानी से जीडीपी के 5.8 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्राप्त कर लेगी।

# देश के कई राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बदलीं

## ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 78.24 डॉलर प्रति बैरल



**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार नरमी देखी जा रही है। क्रूड के भाव 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे उतर गए हैं। वैश्विक बाजार में सोमवार सुबह कच्चे तेल की कीमतों में भी बदलाव दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 78.24 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्‍ल्‍यूटीआई के भाव भी 73.57 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रहे थे। इस बीच सोमवार को सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में बदलाव दिख रहा है। सोमवार को यूपी के कई शहरों में तेल के भाव बढ़ गए हैं तो बिहार में भी पेट्रोल 108 रुपये लीटर के पार चला गया है।

सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार गाजियाबाद में पेट्रोल 34 पैसे बढ़कर 96.92 रुपये लीटर बिक रहा है तो डीजल 33 पैसे महंगा होकर 90.08 रुपये लीटर हो गया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में कीमतें नीचे आईं और पेट्रोल 14 पैसे सस्ता होकर 96.43 रुपये लीटर तो डीजल 13 पैसे टूटकर 89.63 रुपये लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 32 पैसे चढ़कर 108.12 रुपये लीटर पहुंच गया है, जबकि डीजल 30 पैसे की बढ़त के साथ 94.86 रुपये लीटर बिक रहा है। दिल्ली पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.43 रुपये और डीजल 89.63 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 108.12 रुपये और डीजल 94.86 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# दो कंपनियों ने कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

## सीआई गेम्स, बिहेवियर इंटरएक्टिव पर छंटनी की मार

**सैन फ्रांसिस्को ।**

यहां वीडियो गेम बनाने वाली दो कंपनियों ने अपने कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। बाजार की मुश्किल परिस्थितियों के चलते इन दोनों कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पोलैंड स्थित सीआई गेम्स ने पूरी कंपनी में अपने लगभग 10 प्रतिशत कर्मचारियों को निकाल दिया है, जबकि कनाडा स्थित बिहेवियर इंटरएक्टिव ने अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग तीन प्रतिशत की कटौती की है। सीआई गेम्स, जो स्नाइपर के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है, घोस्ट वॉरियर और लॉर्ड्स ऑफ द फॉलन सीरीज ने मार्केटिंग टीम से अधिकांश स्टाफ को कम कर दिया है। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि लॉर्ड्स ऑफ द फॉलन डेवलपर हेक्सवर्क्स और स्नाइपर घोस्ट वॉरियर स्टूडियो अंडरडॉग भी प्रभावित हुए हैं। सीआई गेम्स के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, बिजनेस की ताकत और स्थिरता को बनाए रखने के लिए, सीआई गेम्स ने ये कठिन लेकिन आवश्यक निर्णय लिया है, जिससे कंपनी के लगभग 10 प्रतिशत कर्मचारी प्रभावित होंगे।



दूसरी ओर, बिहेवियर इंटरएक्टिव ने पुष्टि की, कि छंटनी ने केवल उनके मॉन्ट्रियल कर्मचारियों को प्रभावित किया। बिहेवियर इंटरएक्टिव के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, हाल ही में, बाजार की बदलती परिस्थितियों के कारण कई व्यवहार परियोजनाओं के दायरे को समायोजित करना आवश्यक हो गया है। इसमें कहा गया है, इन स्थितियों में, हमारी प्राथमिकता हमेशा प्रतिभा को अन्य प्रोजेक्ट में पुनः नियुक्त करने की होती है। दुर्भाग्य से, यह विकल्प हमारे लिए हमेशा उपलब्ध नहीं होता है।

ये प्रस्थान हमारे कुल कार्यबल के 3 प्रतिशत से भी कम का प्रतिनिधित्व करते हैं। बिहेवियर इंटरएक्टिव को मल्टीप्लेयर हॉरर गेम डेड बाय डेलाइट के लिए जाना जाता है।

पिछले हफ्ते, गियरबॉक्स के स्वामित्व वाले गेम डेवलपमेंट स्टूडियो लॉस्ट बॉयज इंटरएक्टिव ने कई कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, जिसमें 400 से ज्यादा लोग कार्यरत थे।

# सैमसंग लांच करेगी नया डिजिटल हेल्थ केयर डिवाइस

**सैन जोस ।**

साल 2024 में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स एक नया डिजिटल हेल्थ केयर डिवाइस, गैलेक्सी रिंग लॉन्च करने जा रही है। यह जानकारी कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इवेंट के बाद, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल डिवीजन के प्रमुख रोह ताए-मून ने कंपनी के रिंग-शेप्ड वाले हेल्थ डिवाइस के रिलीज प्लान को पत्रकारों के साथ साझा की। रोह ने कहा, गैलेक्सी वॉच के अपने फायदे हैं, लेकिन कुछ कंज्यूमर्स को हर समय वॉच पहनने में असहजता महसूस होती है। यही कारण है कि गैलेक्सी वॉच सैमसंग हेल्थ को आवश्यक जानकारी भेजने और 24/7, पूरे सप्ताह और साल के 365 दिन इसका विश्लेषण करने के लिए अपर्याप्त है। इसलिए हमें डिजिटल हेल्थ सिस्टम या सैमसंग हेल्थ को पूरा करने के लिए रिंग के फॉर्म फैक्टर की आवश्यकता है। गैलेक्सी वॉच सैमसंग की स्मार्टवॉच है, जो हेल्थ और फिटनेस फीचर्स के साथ-साथ स्मार्टफोन के लिए रिमोट कंट्रोल के रूप में भी काम करती है। रोह ने कहा कि गैलेक्सी वॉच की तुलना में गैलेक्सी रिंग लंबे समय तक पहनने के लिए अधिक उपयुक्त है और इसकी बैटरी लाइफ भी बेहतर है। यह केवल हेल्थ फीचर्स पर फोकस करती है। नई स्मार्ट रिंग के बारे में अभी ज्यादा




डिटेल्स सामने नहीं आई है, लेकिन सैमसंग ने कैलिफोर्निया के सैन जोस में एसएपी सेंटर में अपने लेटेस्ट गैलेक्सी एस सीरीज स्मार्टफोन के लिए अनपैक्ड इवेंट के दौरान डिवाइस के लिए एक टीजर जारी किया।

# बीते सत्र में शेयर बाजार में कारोबार 30 फीसदी कम हुआ

**मुंबई ।**

बीते कारोबारी दिन शनिवार को शेयर बाजार कारोबार में 30 फीसदी से ज्यादा की कमी दर्ज हुई क्योंकि एक्सचेंजों ने पूरे सत्र को निचोड़ने की कोशिश की ताकि सोमवार को घोषित विशेष छुट्टी की भरपाई हो सके। एनएसई व बीएसई पर नकदी में संयुक्त कारोबार 84,574 करोड़ रुपये रहा, जो इस महीने दर्ज 1.17 लाख करोड़ रुपये के औसत रोजाना कारोबार से 28 फीसदी कम है। इस बीच इक्विटी डेरिवेटिव का वॉल्यूम 303 लाख करोड़ रुपये रहा जबकि महीने का औसत 456 लाख करोड़ रुपये रहा है। बाजार के प्रतिभागियों ने कहा कि संस्थागत निवेशकों की तरफ से सुस्त भागीदारी का गतिविधियों पर असर पड़ा और कई शेयरों के कारोबार में सुस्ती दिखी। कारोबार और भी कम होता अगर एसऐंडपी बीएसई बैंकेक्स डेरिवेटिव की साप्ताहिक एक्सपायरी शनिवार से



सोमवार न की गई होती। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि शुक्रवार को अमेरिकी बाजारों में काफी तेजी आने के बावजूद देसी बाजारों पर विस्तारित छुट्टी, कम वॉल्यूम और साप्ताहिक ऑप्शन एक्सपायरी का असर पड़ा।

शनिवार को 714 अंकों की घटबढ़ के बाद सेंसेक्स 260 अंक गिरकर 71,424 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 51 अंक गिरकर 21,572 पर बंद हुआ।

## बजट के दिन महंगे हो जाएंगे टाटा के वाहन

मुंबई। नए साल 2024 की शुरुआत से ही भारत की वाहन निर्माता कंपनियों ने कारों की कीमतों में इजाफा कर दिया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी इंडिया, होंडा, हुंडई, टोयोटा आदि कंपनियों ने अपने अपने मॉडलों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। इसी क्रम में देश की दिग्गज वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने भी अपनी कारों के मॉडलों समेत सवारियों वाहनों की कीमतों में वृद्धि करने का ऐलान किया है। टाटा मोटर्स ने घोषणा की है कि वह 1 फरवरी 2024 से अपने पूरे यात्री वाहन पोर्टफोलियो की कीमतों में औसतन 0.7 फीसदी की बढ़ोतरी करेगी. घरेलू ऑटोमोबाइल का कहना है कि भारत में सभी टाटा कारों की कीमतें बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। कंपनी का कहना है कि वाहन निर्माण लागत में वृद्धि को देखते हुए ग्राहकों को कीमतों में आंशिक बढ़ोतरी करके थोड़ा सा बोझ दिया जा रहा है। हालांकि वाहन निर्माता ने यह खुलासा नहीं किया है कि कीमत में बढ़ोतरी के बाद उसकी कारों की संशोधित कीमत क्या होगी। यह भारत में किसी भी वाहन निर्माता द्वारा अपने यात्री वाहनों की कीमत बढ़ाने का ताजा कदम है।




## भारत के निम्न कार्बन अर्थव्यवस्था बनने में ईवी की ओर रुख अहमः सिंह

**नई दिल्ली ।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का विकास और उन्हें अपनाना भारत के निम्न-कार्बन अर्थव्यवस्था में बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सचिव ने कहा कि 2047 के लिए व्यापक दृष्टिकोण में कर प्रोत्साहन, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं और चार्जिंग बुनियादी ढांचे के अनिवार्य प्रावधान द्वारा समर्थित विभिन्न खंडों में इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर एक बड़ा बदलाव शामिल है। उन्होंने कहा कि सड़क से रेल तक माल ढुलाई के मॉडल शेयर में बदलाव माल परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के लिए एक प्रभावी कदम होगा। अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को मंजूरी देना सतत विकास के प्रति देश के समर्पण को रेखांकित करता है। सिंह ने कहा कि उन्होंने दावोस में हाल ही में संपन्न विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में भविष्य के औद्योगिक परिवेश के वित्तपोषण पर एक सत्र में इन बातों पर चर्चा की थी। सरकार ने 18,100 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी स्टोरेज के लिए पीएलआई योजनाएं और मोटर वाहन, मोटर वाहन उपकरण तथा ड्रोन उद्योगों के लिए 26,058 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना शुरू की हैं।

## राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शेयर बाजार बंद

**मुंबई ।** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पर 22 जनवरी सोमवार को शेयर बाजार बंद हैं। दोनों प्रमुख घरेलू शेयर बाजारों बीएसई और एनएसई ने इस बारे में पिछले सप्ताह शुक्रवार की देर शाम को सूचित कर दिया था। कमॉडिटी डेरिवेटिव्स और इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स में सुबह के 9 बजे से शाम के 5 बजे तक कारोबार नहीं होगा। उसके बाद शाम के 5 बजे से इवनिंग सेशन का कारोबार होगा। यह सप्ताह छुट्टियों से काफी प्रभावित हो रहा है। पिछले सप्ताह जहां 6 दिन बाजार में कारोबार हुआ था, इस सप्ताह सिर्फ 3 दिन ही कारोबार होने वाला है। सप्ताह के पहले दिन आज बाजार बंद है। सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को 26 जनवरी की छुट्टी है। ऐसे में बाजार में सिर्फ मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को ही कारोबार होगा।

## रिलायंस ने राम भक्तों के लिए विशेष सेवाएं शुरू की

**अयोध्या ।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए रिलायंस जियो और रिलायंस रिटेल ने राम भक्तों तथा तीर्थयात्रियों के लिए कई विशेष सेवाएं शुरू की हैं। सूत्रों ने बताया कि समूह की दूरसंचार शाखा जियो ने अयोध्या में अपने ट्रू4जी और स्टैंडअलोन 5जी नेटवर्क को अपग्रे किया है। उन्नत व निर्बाध नेटवर्क के लिए शहर भर में अतिरिक्त टावर स्थापित किए हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दूरदर्शन के सहयोग से जियो टीवी, जियो टीवी प्लस और जियो न्यूज पर सीधा प्रसारण करेगा। रिलायंस रिटेल पूरे अयोध्या में महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष रूप से स्थापित कियोस्क किए हैं जिससे आगंतुक, तीर्थयात्री और अन्य यात्री पानी पी सकते हैं। मुख्य मार्ग पर भित्तिचित्र लगाए गए हैं। अयोध्या में स्मार्ट बाज़ार तथा स्मार्ट पॉइंट स्टोर्स में आने वाले सभी आगंतुकों को दीये बांटे जाएंगे। श्रद्धालुओं को शहर में दुकानों के बाहर स्थापित कियोस्क पर चाय परोसी जाएगी।




## एयरटेल ने अयोध्या में नेटवर्क कनेक्टिविटी बढ़ाई

**अयोध्या ।**




राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों के बीच दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी एयरटेल ने अयोध्या के प्रमुख ऐतिहासिक क्षेत्र और शहर के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी नेटवर्क कनेक्टिविटी बढ़ाई है। एयरटेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने अयोध्या के हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, प्रमुख ऐतिहासिक क्षेत्रों, होटलों और शहर के अन्य सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर अपने नेटवर्क को बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने पूरे शहर को निर्बाध बातचीत और डेटा सेवाओं से कवर करने के लिए अतिरिक्त नेटवर्क साइट चालू की हैं, सेल ऑन व्हील्स लगाए हैं और ऑप्टिक फाइबर केबल बिछाई हैं। मंदिर और इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए कुछ अतिरिक्त साइट्स और बीटीएस भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने शहर में उच्च गति वाले इंटरनेट वाले क्षेत्रों के लिए फाइबर भी बिछाया गया है, जिससे आगंतुकों ग्राहकों को कोई परेशानी ना हो। उन्होंने बताया कि एयरटेल ने इसके अलावा अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, एयरपोर्ट, कटरा रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, रामप्रस्थ पार्क, राम भद्र, ब्रह्मकुंड, गुप्तार घाट, परिक्रमा मार्ग, राजमार्ग पर सेल ऑन व्हील्स तैनात किया है। इससे पहले दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया ने भी अयोध्या शहर के सभी प्रमुख क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी बढ़ाने की घोषणा की थी।

# कंपनियों के मुनाफे में आई सुस्ती, वृद्धि की रफ्तार पिछली 14 तिमाहियों में सबसे कम

## कंपनियों की बिक्री साल भर पहले के मुकाबले केवल 9.4 फीसदी अधिक रही

**नई दिल्ली ।**

चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के अभी तक आए कारोबारी परिणामों से लगता है कि कंपनियों के मुनाफे में इजाफे की रफ्तार मंद पड़ रही है। उनकी आय में इजाफा तो और भी सुस्त रफ्तार से हो रहा है। अभी तक जिन कंपनियों के नतीजे आए हैं, उनमें से 215 का कुल मुनाफा 2022-23 की तीसरी तिमाही के मुकाबले 12.5 फीसदी बढ़ा है, जो 14 तिमाहियों में सबसे धीमी रफ्तार रही। इन कंपनियों की शुद्ध बिक्री साल भर पहले के मुकाबले केवल 9.4 फीसदी अधिक रही, जो दिसंबर, 2020 तिमाही के बाद सबसे खराब प्रदर्शन रहा। उस तिमाही में शुद्ध बिक्री 3.5 फीसदी घटी थी। पिछले साल जुलाई में एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी का विलय हुआ था और आंकड़े उसी के हिसाब से दुरुस्त किए गए हैं। शुरुआत में ही नतीजों की घोषणा करने वाली इन कंपनियों में से अगर बैंक, वित्त, बीमा और शेयर ब्रोकिंग कंपनियों को निकाल दिया जाए तो बची हुई कंपनियों ने और भी बदतर प्रदर्शन किया और अक्टूबर-दिसंबर 2023 में उनका मुनाफा साल भर पहले की अपेक्षा 7.8 फीसदी ही बढ़ा। इस तिमाही में उनकी आय में भी केवल 4.5 फीसदी इजाफा हुआ 2020-21 की तीसरी तिमाही के बाद से गैर बीएफएसआई कंपनियों के राजस्व में यह सबसे धीमी बढ़ोतरी है। अभी तक नतीजे घोषित करने वाली जिन कंपनियों को अपने नमूने में लिए गए हैं उनका मुनाफा तीसरी तिमाही में 1.02 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि साल भर पहले मुनाफा 91,000 करोड़ रुपये ही था।



चालू वित्त वर्ष की ही दूसरी तिमाही में उनका मुनाफा 99,484 करोड़ रुपये था। बीएफएसआई को निकालने के बाद बचीं 157 कंपनियों की कुल आय अक्टूबर-दिसंबर, 2022 के 53,175 करोड़ रुपये से बढ़कर 57,342 करोड़ रुपये हो गई। इसी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में इनका आंकड़ा 55,175 करोड़ रुपये था। शुरुआती नतीजों वाली कंपनियों के नमूने में आईटी सेवा क्षेत्र के नाम सबसे ज्यादा हैं। उनके बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज है, जिसकी कच्चे तेल की रिफाइनिंग और पेट्रोरसायन, दूरसंचार तथा रिटेल में गहरी पैठ है। तीसरी तिमाही में इन कंपनियों के मुनाफे में 40 फीसदी हिस्सेदारी बैंकों की है। उनका मुनाफा साल भर पहले की तुलना में 16.9 फीसदी बढ़ा है, जो जुलाई-सितंबर तिमाही में दिखी 25.2 फीसदी वृद्धि से बहुत कम है। सभी बीएफएसआई कंपनियों का मुनाफा अक्टूबर-दिसंबर, 2022 के मुकाबले 18.9 फीसदी अधिक था, मगर जुलाई-सितंबर, 2023 में हुई 26.1 वृद्धि से कम रहा।

# पेटीएम का जोर लागत घटाने और एआई पर रहेगा

## सीईओ ने कहा, मशीन और प्रणालियों की क्षमता बढ़ाने की कोशिश जारी

**नई दिल्ली ।**

फिनटेक दिग्गज पेटीएम ने कहा है कि उसकी नजर व्यावसायिक दक्षता में सुधार लाने के लिए आर्टीफिशल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित प्रणालियों के इस्तेमाल पर है। कंपनी के अधिकारियों ने तीसरी तिमाही के नतीजों के अवसर पर विश्लेषकों के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। पेटीएम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ज्यादा व्यावसायिक विस्तार करने के बजाय हम अपने प्लेटफॉर्म पर मशीन और प्रणालियों की क्षमता बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इन प्रणालियों में वृद्धि बरकरार रहेगी। व्यवसाय की परिचालन दक्षता में सुधार के लिए तकनीक-आधारित प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करने की यह पहल कंपनी द्वारा कर्मचारी लागत तर्कसंगत बनाने के प्रयासों के बीच शुरू की जा रही है। कर्मचारी लागत ढांचे को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया में नियुक्ति रणनीति में बदलाव लाना, कर्मियों को अनुबंध पर रखना, सख्त परफॉरमेंस अप्रेजल जैसे बदलाव शामिल हैं।

अधिकारी ने कहा कि इस समय एआई के जरिये हम कम लोगों के साथ ज्यादा कुशलता से काम कराने में सक्षम हैं। कुछ ऐसी




दक्षताएं हैं जो टेक्नोलॉजी-आधारित और एआई संचालित हैं। कंपनी ने पिछली कुछ तिमाहियों में अपनी कर्मचारी लागत में गिरावट दर्ज की है। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के लिए कर्मचारी लागत 809 करोड़ रुपये थी, जो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के 807 करोड़ रुपये से कुछ अधिक है।




## सोनी का जी एंटरटेनमेंट के साथ विलय समझौता समाप्त

**नई दिल्ली ।** सोनी ग्रुप कॉर्पोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एसपीएनआई ने एक नोटिस जारी कर एसपीएनआई और जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेडईईएल) द्वारा जेडईईएल के एसपीएनआई में विलय से संबंधित निश्चित समझौतों को समाप्त कर दिया है, जिसकी घोषणा 22 दिसंबर 2021 को गई थी। समझौते के तहत विलय 21 दिसंबर 2023 से पहले पूरा किया जाना था। इसमें लेनदेन को पूरा करने के लिए एक महीने के अतिरिक्त समय के साथ नियामक से तथा अन्य अनुमति हासिल करना शामिल था। इस समझौते से देश में 10 अरब अमेरिकी डॉलर का मीडिया उद्यम बन खड़ा होने की उम्मीद थी। कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के नाम से जाना जाता था।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in